કંટાળો (सं.) अरुचि, घृणा, सुस्ती, थकावट, श्रान्ति ।

કટેવાળો (सं.) पकानेके बर्तनपर चूल्हेपर या अग्निपर रखने के पूर्व राख या मिट्टी लगाना [स्वर।

કંઠ (सं.) गला, हल्क, आवाज़,

કંઠી (सं.) कंठमें पहिननेकी किनारी गोटा, अंगरखेके गलेपर कसीदा [बेंतों के बुने हुए।

કંડિયો (सं.) संदुक बाँस या

કન (सं.) कलमका सिरा, लेखनीका अग्र भाग

કતલ (सं.) वध, संहार, हत्या ।

કતલ કરવું (कि.) वध करना, काटडालना, मारडालना

કતલનીરાત્રિ (सं.) ताजियोंकी कतल की रात। मुसलमानी मुहर्रम महिनेकी तारीख ९ की रात्रि ।

કતલેઆમ (सं.) सर्व संहारी नाश ।

કતાન (सं.) किरमिच, विलायती टाट [उतारनेवाला

કંતારી (सं.) खरादी, खरादपर

કંથ (सं.) पति, स्वामी, मालिक, खसम, कंत ।

કથક–ન (सं.) बयान, कहानी, बखान, वर्णन [बर्तन

કથરોટ (सं.) एक बड़ा गोल

કથવું (कि.) कहाना, वर्णन करना । [घाटाहोना, हानि होना

કથળવું–લવું (कि.) बर्बादहोना,

કથા (सं.) कहानी, किस्सा, अपूर्व कहानी, झूठा किस्सा ।

કથાનક (सं.) कहानीका एक भाग, इत्तिफाकी, आकस्मिक ।

કથિત (वि.) कियाहुवा, वर्णन कियाहुवा ।

કથીર–લ (सं.) टीम, जस्ता

કથોલું (सं.) कठिन, मुश्किल

કદ (सं.) माप, परिणाम, डौल, रूप, वजन, [नाश

કદન (सं.) खून, वध, हिंसा,

કદમ (सं.) २ ½ कानाप, क़दम,
કદમબોસી (सं.) पैर चूमनेकी रीति, राजा या पिताको प्रणाम
કદિમ (सं.) प्राचीन, पुराना, पारसी जाति।
કદર (सं.) मूल्य, कीमत, गुणागुण, बोधविचार, दया, रहम ।
કદરજ-રી (सं.) कमखर्च, कंजूस कृपण, किफायतसार, सूम ।
કદરદાન (सं.) चाहनेवाला, कीमत जाननेवाला, सहानुभूति प्रदर्शक ।
કદરૂપું (सं.) बदसूरत, बेडोल ।
કદળી (सं.) केलेका पेड़।
કદા (क्रि. वि.) कुछदिन, ब, कभी, किससमय ।
કદાચ-કદાચિત-કદાપિ (क्रि. वि.) यदि, अगर, शायद, किंचित ।
કદાવર (सं.) डील डौऊमें ऊंचा पूरा, अंतिम, लम्बा ।
કદિ-દી (क्रि. वि.) हरकभी, किसीभी समय ।
કદી નહીં (क्रि. वि.) कभी नहीं, किसी भी समय नहीं।
કંદ (सं.) जड़ मूल, जड़ वह जो खाई जा सकती है। [खोह ।
કંદરા (सं.) गुफा, गार, माँद
કંદર્પ (सं.) मदन, काम, अतनु, मार।
કંદિલ (सं.) काच का दीपक,
કંદિલિય (सं.) रोशनी घर, वह घर जिसमें जहाजवालों को रातमें रास्ता दिखानेके लिये ऊंचे पर रोशनी होती है ।
કંદુક (सं.) खेलने की गेंद ।
કંદોઇ (सं.) हलवाई, मिठिया ।
કંદોરો (सं.) कमर में बांधनेकी सूत्र, चाँदी अथवा सोनेकी तागड़ी।
કધોડુ (सं.) पशुओंको खेत जोतन आदि के लिये किराये पर लेना ।
કનક (सं.) धन, स्वर्ण, धतूरा ।
કનડત-ડાટ (सं.) घबड़ाहट, बखेड़ा, तंगी ।
કનવાર (सं.) अपराधों की खोज, सम्बन्ध, चिंता ।
કનાત (सं.) तम्बू की दीवार, कपड़े की बनी हुई आड़, कनात।
કનિષ્ટ (वि.) छोटा, निम्न, नीचा।
કનિષ્ટકા (सं.) आखीर की अंगुली, पाँचवीं अंगुली ।
કને (सर्व.) पास, निकट, समीप,
કનેરી (सं.) लपसी, माँड, कगूरा, कगनी, सीका। [वधू ।
કન્યા (सं.) कुँआरी, दुलहिन, बहू,
કન્યાકાળ (सं.) कुवारापन, कुमारित्व। दश वर्ष की अवस्था ।

કન્યાદાન (सं.) विवाह, अपनी लड़की को विवाह में उसके पतिके सिपुर्द कर देना। [कोई ऐब।
કન્યાદોષ-કલંક (सं.) कुंआरी में
કન્યારાશી (सं.) ६ ठी राशि, कन्या राशि।
કપ (सं.) आग लगानेवाली वस्तु, शीघ्र दाह्य वस्तु, रूई, कपास, प्याला
કંપ (सं.) थर्राहट, कपकपी (कि.) थर्राना, काँपना।
કપચી (सं.) सड़क के लिये धातु।
કપટ (सं.) छल, धोका।
કપટી (वि.) धोकेबाज, छली, कपटकारी, छद्मवेशी।
કપડાર (सं.) एक लंबा और मोटा टुकड़ा जोजलाने के लिये काटा हो।
કપડછાણ (सं.) कपड़े में छानना।
કપડાલતાં (सं.) पौशाक, कपड़े इत्यादि।
કપડાં (सं.) पौशाक, वस्त्र,
કપરેડ (सं.) वह खाई जो दूसरी खाई को आरपार करती हो।
કપાણ (सं.) लू, धूपकी लपट।
કપાતર (सं.) नीच, कमीना, निकम्मा।
કપાલ (सं.) खोपड़ी, मस्तक, ललाट, भाल,
કપાલી (सं.) महादेव, शंकर, शिव।
કપાસ (सं.) कच्ची रूई, रूई का पेड़, कर्पास।
કપાસિયા (सं.) रूई के बीज, बिनौले, काकड़ा। [नहीं।
કપાળ (सं.) मस्तक, भाग्य, कुछ
કપાળકુટ (सं.) मिहनत, काम, मजदूरी, सुस्ती, थकावट, श्रांति।
કપિ (सं.) बन्दर, वानर, शाखामृग, मर्कट। [तित्तिर पक्षी।
કપિંજલ (सं.) चातक पक्षी,
કપિતાન (सं.) कष्टप्रद, दुःखदायक बुरा, दुष्ट।
કપિલા (सं.) भूरी गाय, गऊ।
કપુ (सं.) भीड़, झुंड, टोली, संगत साथ। [बेटा।
કપુત (सं.) निन्दित पुत्र, बुरा
કપૂર (सं.) कर्पूर, काफूर।
કપોટી (सं.) ऊपर की झिल्ली।
કપોત (सं.) कबूतर, परेवा पारावत।
કપોલ (सं.) गाल, गण्ड स्थल।
કપોલ કલ્પિત (वि.) घड़ंत, बनाई हुई बात, रचना, गप्प।
કપ્પી-પ્પો (सं.) घिरन, गरारी, थैला जो चटाई का बना हुआ हो।

કફ (सं.) श्लेष्मा, खखार, थूक, बलगम, शरीरस्थ धातु विशेष ।
કફન (सं.) मृतक पर डालनेका वस्त्र, अंतिम वस्त्र ।
કફની (सं.) फकीरोंके पहिननेका एक प्रकारकी पोशाक, फकीरोंका झंगा ।
કફલાર (सं.) पलस्तर, अस्तर ।
કફોદર (सं.) कफ सम्बन्धी पेट का रोग ।
કબજ (सं.) जब्ती, रोक, कोष्ठ बद्धता, कब्जियत, अपचनत्व ।
કબજ કરવું (क्रि.) अधिकार करना, पकड़ना ।
કબજ-કોડો-અત (सं.) कोष्ठ बद्धता, कुपच, बदहज्मी । [रक्षा।
કબજે (सं.) अधिकार, हवालात,
કબર (सं.) मृतक के गाड़ने का गड्ढा, समाधि, चित्य, क़ब्र ।
કબરસ્તાન (सं.) मुर्दे गाड़ने की जगह ।
કબાટ-બટ (सं.) आलमारी, बरतन रखने की आलमारी ।
કબાબચીની (सं.) औषधि विशेष, कबाबचीनी ।
કબાલો (सं.) बिक्री की दस्तावेज़, अधिकारपत्र । बैनामा ।
કબિલો (सं.) कुनबा, कुटुम्ब, घरगृहस्थी । [बच्चा ।
કબી-બૂ (क्रि. वि.) कभी, बाज़
કબીર (सं.) कवि, भाट, एक कवि का नाम ।
કબુધિયું-દ્ધી (सं.) मूर्ख, बेहूदा, कुधर्मी, बदमाश । [पक्षी ।
કબૂતર (सं,) फाखता, कबूतर
કબૂતરખાનું (सं.) कबूतरों के रहने का स्थान ।
કબૂલ (वि.) स्वीकार, मन्जूर ।
કબૂલત-લાત (सं.) लिखित या जबानी राजीनामा, वचन, वादा ।
કબૂલવું (क्रि.) वचन देना, प्रसन्न होना ।
કભાય (सं.) एक बड़ी लम्बी बिखरी हुई पोशाक, चोगा, जामा ।
કમ (वि.) न्यून, थोड़ा, हीन,
કમઅક્કલ (वि.)मूर्ख, न्यून बुद्धि बुद्धिहीन (सं.) कम समझी, नासमझी ।
કમ કમવું (क्रि.) काँपना, थर्राना झिझकना, सिकुड़ना ।
કમકમાટ (सं.) कंपन, अरुचि, घृणा, कपकपी, थर थराहट ।
કમ કરવું (क्रि.) घटाना, थोड़ा करना ।

કમખો (सं.) अंगिया, चोली ।
કમચી (सं.) कोड़ा, छड़ी, बेत,
કમજાત (सं.) नीचवर्ण, कमीना नीच, तुच्छ, निकम्मा ।
કમજોર (वि.) निर्बल, कमताकत, शक्तिहीन ।
કમઠ (सं.) केंकड़ा, कछुवा, कच्छप ।
કમંડળ (सं.) एक मिट्टि या लकड़ का जलपात्र जो साधुओं के पास होता है, कमंडुल ।
કમતી (सं.) कमी, घटी, न्यूनता,
કમનશીબ (वि.) अभागा, बद-किस्मत, भाग्यहीन ।
કમબખત-ખ્ત (वि. दुर्भाग्य, सं. अवारा, दुष्ट, लुच्चा, शुहदा ।
કમર-મ્મર (सं.) कमर, कटि, कूल्हा, पुट्ठा ।
કમરખ (सं.) एक फलका नाम ।
કમરપટો-બંધ (सं.) कमर पेटी । कटिबंध । [कमल के बीज ।
કમળ કાકડી (सं.) कमळ गट्टे ।
કમળા-ળા (सं.) देवी लक्ष्मी,
કમળો (सं.) पांडुरोग, कंवलरोग पीलाज्वर, डाह, ईर्षा ।
કમાઈ-ણી (सं.) प्राप्ति, लाभ, नफा, आमदनी, आय ।
કમાઉ (सं.) कमाने वाला, आमद करनेवाला । [किंवाड़ ।
કમાડ (सं.) द्वार, दरवाजा, कपाट
કમાન (सं.) धनुष, इन्द्र धनुष, महराब, वृत्तखण्ड, चाप ।
કમાનદાર (वि.) महराबदार, आधा गोल, झुका हुवा, टेढ़ा ।
કમાલ (वि.) सुन्दर, खूबसूरत उत्तम श्रेष्ठ, ठीक, उचित ।
કમાવું (क्रि.) प्राप्त करना, पैदा करना, कमाना ।
કમી (वि.) न्यूनता, घटी ।
કમી જાસ્તી (वि.) थोड़ा या बहुत ।
કમીન (सं.) नीच, निम्न, शूद्र, पतित ।
કમોત (सं.) बे मौत, असामयिक मृत्यु, आकस्मिक मृत्यु ।
કમોદ (सं.) एक प्रकारके चावल, -આપવી (क्रि.) लाठीमारना पीटना ।
કંપ (क्रि.) हिलना ।
કંપની (सं.) समाज, टोली ।
કંપાસ (सं.) दिशानिरूपण यंत्र, कुतुबनुमा । [ताहुवा ।]
કંપિત (वि.) कोंपताहुवा, थर्रा-
કંપુ (सं.) डेरा, पड़ाव, फौज ।

કંમલ (सं.) कामरि, लोई, ऊनी चादर । [देनेका दिन ।
કયામત (सं.) न्यायकादिन, दंड-
કયાસ (सं.) अनुमान, अटकल । कच्चीकूत ।
કયો (सर्व.) कौन, क्या ।
કર (सं.) हाथ, टेक्स, महसूल, दीर्घ, ऊँचा, मालगुजारी ।
કરકટી (सं.) अर्थी, मुर्दों के ले-जानेकी गाड़ी, काठेकी ठटिया ।
કરકડાટ (कि. वि.) साफ साफ, स्पष्ट स्पष्ट, [तीखा ।
કરકરૂં (वि.) खुरदरा, तेज,
કરકસર (सं.) किफायत, वारा मितव्ययता ।
કરકાઠિયું (सं.) मांसहीन, केवळ आस्थिपंजरमात्र, जिसकी हड्डियां दिखती हों ।
કરગી (स.) कृषक, किसान ।
કરગરવું (कि.) विनती करना, माँगना, घिघियाना ।
કરગરીને (कि. वि.) चाहसे, अनुरागसे, रंजसे,
કરચ (सं.) टुकड़ा, खंड, हिस्सा।
કરચલી (सं.) झालर, झुर्री, चुनन पर्त, तह ।
કરચલું (सं,) केंकड़ा ।
કરજ (सं.) ऋण, जवाबदेही, -દાર ऋणी
કરંજ-જો (सं.) झरना, फव्वारा
કરડવું (कि.) काटना, कुतरना, नोंचना ।
કરડીદષ્ટિ-નજર (सं.) क्रोधपूर्वक दृष्टि, रूखीनिगाह, कठोर दृष्टि ।
કરડો (वि.) कठोर, कड़ा, रूखा, कर्कश, निर्दय (सं.) पांवके अंगूठेमें पहिननेका छल्ला ।
કરણ (सं.) युद्धका एक हथियार । कान, सूर्यरश्मि, कारण, सब्ब,
કરણી (सं.) कर्म, व्यवसाय, कार्य गुण, योग्य, उजाड, मरुस्थळ ।
કરતલ (सं.) हाथकी हथेली ।
કરતાં (क्रि. वि.) बनिस्बत, अपेक्षा, करतेहुए, तोभी । [कठनाल ।
કરતાલ (सं.) झांझ, मजीरा,
કરતુવ-ક (सं.) बुराकाम, वर्ताव, आचरण । [एजेण्ट, दलाल ।
કરનાર (वि.) कर्ता, करनेवाला,
કરપ (सं.) ठाठ, धूमधाम, शान-शौकत, भय, डर । [बातचीत ।
કરપલ્લવ (सं.) अंगुलियोंसे
કરપીણુ (वि.) लालची, मक्खी-चूस, कृपण, कमीना ।
કરમ (सं.) काम, कर्म, कार्य, भाग्य, बुराकाम, कृमि, कीड़ा ।

કરમકહાણી (सं.) भाग्यका-
वृत्तान्त ।
કરમદું (सं.) करौंदे वृक्षकाफल ।
કરમાધરમી (क्रि. वि.) धर्माधर्मी।
કરમાવું (क्रि.) कुम्हलाना,
मुरझाना ।
કરમાળા (सं.) अंगुलियों पर माला
का काम । स्मरणी, माला ।
કરમી (सं.) भाग्यवान, खुश-
किस्मत । [पशु रोग ।
કરમોડિયા (सं.) एक प्रकारका
કરવત (सं.) आरी, लकड़ी चीर-
नेका औज़ार ।
કરવતી (सं.) छोटीआरी, गाड़ी ।
કરવું (क्रि.) करना, बनाना,
तैयार करना, पूरा करना, रचना।
કરશણી (सं.) कृशक, किसानी ।
કરાં (सं.) ओला, चूड़ियां,
पहुँची ।
કરાજવું-અવું (क्रि.) आतोंका
ऐंठना, अंतडियोंका मरोड़ना ।
કરાડી (सं.) आराकश, लकड़ी
चीरनेवाला । [करारा
કરાડ (सं.) ढाल, ढालू, भूमि
કરાણી (सं.) जहाजका तहवी-
लदार ।

કરામત (सं.) यत्न, उपाय, चतु-
रता, चालाकी, हुनर, अक्लमंदी ।
કરાર (सं.) वचन, वादा, कौल,
करार, अचल, दर्द में आराम ।
કરારફાદ (सं.) वचन वादा,
राजीनामा ।
કરારનામું (सं.) दस्तावेज, तमस्सुक,
लिखित वचन पत्र ।
કરાળ (वि.) भयंकर, टेढा, भयानक ।
કરિયાણું (सं.) पसरहट्टा, किराना
औषधिया, बीजे ।
કરિયાતું (सं.) चिरायता ।
કરી (सं.) हाथी, पथ्य, परहेज ।
કરીને (क्रि. वि.) द्वारा, से, अतएव,
કરીમ (वि.) उदारतायुक्त, दयालु,
मिहरबान, दाता ।
કરી લેવું (क्रि.) गोद लेना (पुत्र)
કરુણા (सं.) दया, कृपा, अनुग्रह,
अनुकम्पा ।
કરુણાકર (सं.) दयानिधि, कृपा-
निधान ईश्वर।
કરુણામય (वि.) दयालु, मिहरबान।
કરુણારસ (सं.) नवरसों में से एक
रस, शोकजनक वृत्तान्त, करुणा
पूर्ण गाथा ।

કરૂપ (वि.) बदसूरत, भद्दा कुरूप,
કરેઢી (सं.) स्वेत रेती, सफेदबालू।
કરેડું (सं) बच्चा जनने के बाद शीघ्रही निकाला हुवा गो दुग्ध ।
કરેણુ-ણ્યુ (सं.) कनेर वृक्ष, कनेर का पुष्प । [दीवार ।
કરો (सं.) मकान के बगल की
કરોઠું (सं.) व्यवहार, रीति, चाल।
કરોડ (सं.) रीढ, काँटा, (वि.) दश लाख, कोटि । [अगणित ।
કરોડો (वि.) अनेक कोटि,
કરોળિયો (सं.) मकड़ी, जाला,
કર્ક (सं.) केंकड़ा, कर्क राशि ।
કર્કશ (वि.) कठोर, कड़ा ।
કર્કશા (सं) झगड़ालू स्त्री, मुहँ जोर औरत, लड़ाकी स्त्री ।
કર્ણ (सं.) कान, श्रोत्रेन्द्रिय, कर्ण ।
કર્તરિ પ્રયોગ (सं.) वह वाक्य जिसमें उसके विषय से क्रिया मिलती हो ।
કર્તવ્ય (वि.) करणीय, करने योग्य (सं.) काम, कार्य ।
કર્તા (सं.) करनेवाला, बनानेवाला, पुस्तक का लेखक, प्रबंधक ।
કર્પૂર તેલ (सं.) कपूर, कपूर का तेल । [नाश करनेवाला।
કર્તા હર્તા (सं.) रचनेवाला और
કર્મ (सं.) कार्य, काम, आचरण, वरताव, भाग्य, किस्मत, तकदीर,
કર્મકાન્ડ (सं.) वेदोंका वह भाग जिसमें शास्त्रोक्त कर्म वर्णित हैं ।
કર્મભ્રષ્ટ (वि.) ढीला, उदास, नर्म, आचार सम्बन्धी कर्तव्य कर्मों को भूला हुवा ।
કર્મયોગ (सं.) प्रारब्ध शक्ति, भाग्य, किस्मत ।
કર્મેન્દ્રિય (सं.) हाथ, पाँव, मुख, गुदा, और लिंग ये ५ कर्मेन्द्रिय ।
કલગી (सं.) मुकुट, चोटी, फूल का गुच्छा, गुलदस्ता ।
કલંક (सं.) अपवाद, अपयश, दोष, दुष्कीर्ति, दाग
કલજુગ (सं.) चौथा युग, वर्तमान युग, [कीचड़ ।
કલણ (सं.) दलदल, पँसाव,
કલ્પના (सं.) उपाय, मनोगति ख्याल, विचार, खयाली पुलाव ।
કલ્પવું (क्रि.) विचार करना, मन के लड्डू बनाना
કલ્પાંત (सं.) दुःख, शोक, कष्ट, रुदन, करुणक्रंदन, महा प्रलय ।
કલપ (सं.) खिजाब,
કલમલ-લાટ (सं.) हुलड़, कोलाहल, धूमधाम, शोरगुल

કલમ (सं.) लेखनी, प्रकरण हस्तलिपि, भाषा, देश भाषा, चित्रकार की ब्रुश, खंड, भाग, पौधोंपर कलम लगाना, वाक्य खंड, मजमून ।

કલમ કરવી (क्रि.) वृक्षों को काटना, कलम बनाना ।

કલમ કાપવી (क्रि.) बरखास्त कर देना, पदच्युत, कर देना, निकाल देना ।

કલમદાન (सं.) दावात कलम रखने की पेटी, दावात ।

કલમબંદી (सं.) रोक, कलमबंदी ।

કલમો (सं.) कुरानकी आज्ञा ।

કલ્યાણ (सं.) शुभ, आशिर्वाद ।

કલવો–લેવો (सं.) विवाह के समय का कलेवा, कुँवर कलेवा ।

કલહ (म.) झगड़ा, लड़ाई, विरोध, द्वन्द्व ।

કલાક (सं.) एक घंटा, ६० मिनिट, बड़ी घड़ी,

કલાબતુ (सं.) रेशमी धागा जिस पर सोना चाँदी का काम हो, कलाबत्तू ।

કલાદ (सं.) सुनार, स्वर्णकार ।

કલાપી (सं.) मोर, मयूर, कोयल, कोकिला । [रुदन ।

કલાપિટ (सं.) हुल्लड़, शोक, रंज,

કલાલ (सं.) शराब बेचनेवाला, कलार, कलवार ।

કલાલખાનું (सं.) शराब की दुकान, मद्यगृह, शराबखाना ।

કલિ (सं.) संसारका चौथापन, चौथा युग, वर्तमान युग ।

કલિંગડું–કાલિંગડું (सं.) हिनवाना, कलींदा, तरबूज़ ।

કલેજું (सं.) दिल, हृदय ।

કલેડું–ડું (सं.) कड़ाही, तम्बूर रोटी पकाने का मिट्टीका गोल पात्र

કલેવર (सं.) लोथ, निर्जीव देह, देह ।

કલૈ–લાઇ (सं.) टीन

કલૈ કરવી (क्रि.) कलई करना, मुलम्मा करना भर (सं.) टिन साज़ । [विनोद, तेज़ आवाज ।

કલોલ–કલ્લોલ (सं.) खेलकूद,

કલ્કી (सं.) विष्णु का दसवाँ अवतार, भावी अवतार ।

કલ્પ (सं.) ब्रह्मा का एक रात एक दिन, हमारे ४,३२,००,००,००० वर्ष,

કલ્પદ્રુમ–કલ્પવૃક્ષ–કલ્પતરૂ (सं.) देववृक्ष, अभिलषित फल देने वाला वृक्ष ।

કલ્પિત (वि.) बनाया, कृत्रिम, रचित, मिथ्या प्रकाशित ।
કલ્લા (सं.) गलमुच्छे ।
કલ્લી-લ્લું (सं.) चाँदी या सोने का बाजूबन्द ।
કલ્લો (सं.) शब्द, शोरगुल, घास के अंकुर ।
કવચ (सं.) बिच्छू का पेड़, वर्म्म, झिलम, बाजू, सन्नाह, बखतर ।
કવન (सं.) काव्य रचना, कविता,
કવાયત (सं.) कवायद, सैनिक युद्ध शिक्षा, कपट यत्न, कपट उपाय ।
કવિ (सं.) काव्यकार, भाट ।
કવિતા (सं.) पद्य, श्लोक, छन्द ।
કવેળા (वि.) असमय, ऋतु-विरुद्ध ।
કશીદો (सं.) दस्तकारी, शृंगार सजावट, बेलबूटे काढनेका कार्य ।
કશું (वि.) कोई, जोकुछ, जितना ।
કષ્ટ (सं.) शारीरिक क्लेश, दुःख दर्द ।
કષ્ટાવું (क्रि.) प्रसवकी पीरमें होना, बालक उत्पन्न होते समयकी प्रसव पीड़ा होना । [दुखित
કષ્ટિત-ષ્ટિ (वि.) प्रसव कष्ट,
કસ (सं.) कसौटीपर सोने या चांदी की परख, सत, गूदा, तत्व, शक्ति, गांठ, बन्धन ।
કસકસતું (क्रि. वि.) तंग,
કસકસાવવું (क्रि.) कसकर बांधना।
કસટિયો (सं.) गिरो रखनेवाला बंधक ग्राहक, व्याजपर रुपया देनेवाला ।
કસદ (सं.) परिश्रम, उद्योग, इच्छा, लालसा ।
કસદાર (वि.) पुष्ट, मजबूत, बलवान, रसीला, सरस ।
કસબ (सं.) सोने या चाँदी के तार जो कसीदे के काममें आते हैं । हुन्नर, होशियारी, शिल्पविद्या
કસબણ-બાતણ (सं.) वेश्या, कुकर्म करनेवाली, रंडी, छिनाल ।
કસબાતી (सं.) कस्बेका निवासी,
કસબી (सं.) हुन्नरमंद, गुणी, चतुर, होशियार, सोने या चांदीके तारका बनाहुवा ।
કસબો (सं.) गाँव, कस्बा,
કસમ (सं.) शपथ, सौगन्द ।
કસમ આપવા-અપાવવા (क्रि.) शपथ दिलाना, हलफ दिलाना।
કસમખાવા (क्रि.) सौगन्दखाना शपथ लेना ।

કસંબો—સુંબો (सं.) कसूमका रंग, एक प्रकारका लाल वस्त्र; अफीमको पानीमें पतला करके बनाहुवा पेय द्रव्य ।

કસર (सं.) कमी, घटी, न्यूनता, कमआदम, मितव्ययता, रोग के कुछकुछ चिन्ह अवशिष्ट जो लगभग आराम होतुकाहो, अरुचि, नाराजी ।

કસરત (सं.) अभ्यास, मुहाविरा, व्यायाम ।

કસરતશાળા (सं.) व्यायामशाला ।

કસરિયું (वि.) किफायती, कमखर्च मितव्ययी ।

કસલી (सं.) छोटा लोटा या कटोरा।

કસવું (क्रि.) कसकर बांधना, प्रयत्न करना, शोधना, जॉचना, सोने को परखना ।

કસાઈ (सं.) घातक, वधिक, निर्दय, मांस बेचनेवाला । [मोहल्ला ।

કસાઈવાડો (सं.) कसाइओं का

કસારી (सं.) झींगुर ।

કસુંબી, કેશંબી (वि.) लाल केशर, द्वारा रंगा हुवा । [गलती ।

કસુર (सं.) अपराध, दोष, पाप,

કસુવાવડ (सं.) गर्भपात, गर्भस्राव।

કસોટી (सं.) धातु परीक्षक पत्थर, शोधक, पहचान जांच । [कचरा ।

કસ્તર (सं.) कूड़ा, कर्कट, मैला

કસ્તૂરી મૃગ—રિયુઅ (सं.) वह हरिण जिसमें कस्तूरी होती है ।

કસ્તૂરી (सं.) मृगमद, औषधि विशेष, मुश्क । [निकालना ।

કહાડવું (क्रि.) निकाल देना, खींच

કહાડી નાંખવું (क्रि.) निकाल देना काट देना, मिटा देना ।

કહાડી મેલવું (क्रि.) बरखास्त करना, पदच्युत करना, निकाल बाहिर करना । [वर्णन ।

કહાણી (सं.) किस्सा, बयान,

કહાર (सं.) पालखी उठानेवाला ।

કહેવું (क्रि.) कहना, कथन करना, (सं.) शब्द, वर्णन व्याख्या ।

કળ (सं.) उपाय, यत्न, तदबीर, हिकमत, उपाय, ताला, चीरफाड़ का दर्द, अभ्यास, मुहाविरा, उपाय, सहायता, सुख चैन ।

કળતર (सं.) जोडों में दर्द, चीरफाड़ का अधिक दर्द ।

કળવું (क्रि.) समझना, सोचना, विचारना ।

કળશ—સ (सं.) गुम्बज, गृह, मीनार, मंदिर का मुकुट, घट, घड़ा ।

કળશિયો (सं.) छोटा जलपात्र, गगरी, लोटा, कटोरा,
કળસી (सं.) १६ मन का वज़न।
કળા (सं.) सोलहवां अंश, शिल्प आदि विद्या, हुनर, चतुरता, बाला की, मुख की कांति, मोर की उठाई हुई पूँछ।
કળા કૌશલ્ય (सं.) कला और विज्ञान, कला कौशल्य।
કળાધર (सं.) चन्द्रमा, चाँद, मोर
કલાવન્તી (सं.) नाचनेवाली, रंडी, वेश्या।
કળી (सं.) कलिका, चने के आटे का बना हुवा सूत्र सामान खाद्य पदार्थ, मिठाई की किस्म, अंगरखेमें लगनेवाली तिकोनी कली।
કળી ચુનો (सं.) बेबुझा चूना, आहक।
કક્ષા (सं.) ग्रहपथ, ग्रहमार्ग।
કાં (क्रि. वि.) क्यों, काहेको, किस लिये।
કાંઇ (क्रि. वि.) कुछ थोड़ा
કાંકરી (सं.) छोटे छोटे पत्थर, रेत, बालू, कंकड़ी पथरी।
કાંકરો (सं.) पत्थर, कंकर। शक शुभा, सन्देह।
કાંચીડો (सं.) गिरगट।
કાં કે (क्रि. वि.) क्यों कि, कारण कि, इसवास्ते, से, जैसा,
કાંચુ (वि.) स्वादिष्ट, कोमल, निर्बल, कमजोर, अशक्त।
કાંચવું (क्रि.) बहकाना, फुसलाना, धोका देना, छल करना, जुड़ना संभोग करना, मैथुन करना
કાંચળી (सं.) छाती ढांकने का कपड़ा, अंगिया। [लेई, सरेस।
કાંજી (सं.) कंजी, माँड, लपसी,
કાંટલો (सं.) तोते के गले में नये रंग की कंठा, ढरकी, नारी।
કાંટો (सं.) कंटक शूल, तराजू, घड़ी के काटे, पैनी नोंक, रोक, आड़ रोढ़, पीठकी हड्डी, मछली पकड़ने का काटा, बालों का खड़ा होना, नाक पहिनने का भूषण, नुकीली पैनी मछली की हड्डी, गुणाकार को सही या गलत जानने की तरकीब, शक।
કાંઠો (सं.) किनारा, तीर कुएकी परिधि, सीमा, सीरा।
કાંડું (सं.) कलाई, पहुँचा।
કાણું (सं.) छेद, छिद्र, द्वार, काणा, एक आँखका।
કાતવું (क्रि.) कातना धागाखींचना, घटाना, कम करना।

કાંદો (સં.) प्याज, काँदा, लाभ, फायदा। [किस्त।
કાંધ–ધું (સં.) स्कंध, कंधा (सं.)
કાંપ (સં.) फाँक, टुकड़ा, केम्प, काली जमीन खाद के योग्य।
કાંપવું (ક્રિ.) काटना, थर्राना, धूजना। [कामरि।
કાંબળી–ળો (સં.) कम्बल, लोई
કાંબી (સં.) एक प्रकार का चाँदी का भूषण [लिये।
કાંય–ર (ક્રિ. વિ.) क्यों, किस
કાંસ (સં.) आबपाशी के लिये बनाई हुई नाली।
કાંસકી–કા (સં.) कंघा, कंघी
કાંતા–સિયાં (સં.) बड़ी झाँझ, बड़ी करताल। [धातु।
કાંસું (સં.) कांस्य धातु, काँसी
કાઈજવું (ક્રિ.) घबराजाना, थक जाना, कँदराजाना, उकताजाना।
કાઉ કાઉ–(સં.) काँय काँय शब्द,
કાક (સં.) कौवा, कागा, कपटी
કાકડો (સં.) मोटा पलीता, बड़ी मशाल, मानसिक, दिली, एक मोटी बत्ती, लटकन, लङ्गर।
કાકપત્ર–ત્રું (સં.) भूल का चिन्ह, निशान, यह बतलानेवाला चिन्ह कि इस स्थान पर यह होना चाहिये।
કાકર (સં.) करवत के दाँते, आरे के दाँते। [चिरौंसी।
કાકલુતી (સં.) प्रार्थना, विन्ती,
કાકવી (સં.) राब, शीरा, गुड़।
કાકા–કો (સં.) सगा चाचा, बाप का सहोदर बंधु, बाप का छोटा भाई, काँव काँव। [कोकिला।
કાકાકૌઆ (સં.) काकतुवा, कोयल,
કાકાપુરી (વિ.) निकम्मा, व्यर्थ, वर्णशंकर, नीच।
કાકાબળિયા (સં.) छोटी चेचक।
કાકી (સં.) काकी, चाचा की पत्नी।
કાખ (સં.) काँख, बगल,
કાખબલાઈ–બિલાડી (સં.) एक प्रकार की काँख की बीमारी।
કાગડો (સં.) कौवा, वायस, (वि.) नटखट, धूर्त।
કાગદી (સં.) कागज कलम आदि लिखनेकी सामग्री बेचनेवाला। कागज का कारीगर या दस्तकार, पतली कोमल वृक्ष छाल या चमड़ा
કાગવાસ (સં.) काकबलि, कौओंके निमित्तका पदार्थ।
કાગવિદ્યા (સં.) भविष्यत् कथन, भविष्यद्वाक्य, आगम।
કાગળ (સં.) कागज, पत्र, चिठ्ठी

કાગળપત્ર (सं.) पत्रव्यवहार, पत्रालाप ।

કાગારોળ (सं.) विलाप, सदन, आपद, दुर्गति ।

કાંક્ષા (सं.) इच्छा, चाह, ख्वाहिश,

કાચ (सं.) दर्पण, शीशा, मुकुर, बिल्लौर, कच्चा हीरा ।

કાંચંડો (सं.) एक प्रकार का जानवर, गिरगट ।

કાચર (सं.) छोटा टुकड़ा ।

કાચલી (सं.) नारियल के ऊपर का छिलका, नरेठी ।

કાચી જપ્તિ (सं.) न्याय होने के पूर्व रोक, रोक। [नोट।

કાચી નોંધ (सं.) कच्ची बही, कच्चे

કાચી બુદ્ધી–દ્ધિ (वि.) भौला, मूर्ख पागल (सं.) अनभ्यस्त, अनाड़ीपन, न तजुर्बेकारी ।

કાચી મુદ્દત (सं.) निश्चित समय से पूर्व, अनिश्चित समय ।

કાચું (वि.) अपक्व, कच्चा, अधूरा ।

કાછ (सं.) कमर, कछुआ, कच्छप,

કાછડી (सं.) लाँग, धोती की लॉग

કાછડી છુટો (वि.) लंपट, अय्याश, गंदा, खुला, बिखरा, भ्रष्ट, पतित।

કાછડો (सं.) साड़ी का पल्ला, साड़ी की लाँग ।

કાછીયો (सं.) काछी जाति, शाक भाजी बेचनेवाला ।

કાજ (सं.) काम, धन्धा, कार्य, कारबार, व्यौहार,

કાજગરૂ–રો (वि.) महँगा, कीमती, मूल्यवान, कोमल, स्वादिष्ट, फला, खिला, कली, बौर ।

કાજ સારવું (क्रि.) पूरा करना, अन्त तक सम्पूर्ण करना ।

કાજળ (सं.) कज्जल, अंजन, दीपककी कारिख, मल्हम, लेप ।

કાજી (सं.) न्यायाधीश (मुसलमानों के लिये) [फल ।

કાજુ (सं.) काजू, एक प्रसिद्ध

કાજે (क्रि. वि.) लिये, वास्ते, अतः एतदर्थ । [शहतीर, मैला ।

કાટ (सं.) मुर्चा, जंग, रोक,

કાટ કાઢાડવો (क्रि.) रोक तोड़ना, मारना, वध करना, तैकरना, निर्णय करना, ठीक करना ।

કાટકૂટ (सं.) मकान बनाने की टूटी फूटी सामग्री, कतरन, कांट छांट [कड़क

કાટકો (सं.) गर्ज, बिजली की

કાટકોણુ–ખુણો (सं.) समकोण ।

કાટપીટીયો (सं.) लकड़ी बेचने-वाला, लट्ठे बेचनेवाला ।

કાટલું-લા (सं.) वज़न, बाट, परिणाम, कमी ।

કાઠડી-ડું-ડે (सं.) लकड़की काठी, बैठक (लकड़की)

કાઠી (सं.) छड़ी, जलानेकी लकड़ी (एक जगह बंधी हुई) मौली, नाप १६- फीटका, काठियावाड़के लोग, डंडा । [शरीरकी बनावट ।

કાઠું (सं.) शरीरका ढॉचा, या

કાઢઘાલ (सं.) बारबार निकालना और रखना । [लेना, लेआना ।

કાઢવું (क्रि.) निकाल लेना, खीच

કાઢો (सं.) क्वाथ (औषधियोका)

કાણ (सं.) दूसरो के शोकमे शोक प्रदर्शित करने को मिलना ।

કાણું (वि.) छेदवाला, छेददार एक ऑख का (सं) छिद्र, छेद।

કાત (सं.) पेट, सुनार का जम्बूर, सुनार का एक औज़ार ।

કાતર (सं.) कैंची, कतरनी ,

કાતરવું (क्रि.) काटना, कतरना, छॉटना, कम करना, घटाना ।

કાતરા (स.) तड़कन की दरार या फॉक ।

કાતરિયું (सं.) अटारी, लकड़ी का शस्त्र विशेष, मकान की अपरी मंजिल ।

કાતરી-ળી (सं.) पतली फॉक ।

કાતી (सं.) लोहा, छल, कपट, करौत, आरी, चाकू ।

કાતું (सं.) चाकू, छुरी,

કાથ (स.) शक्ति, ताकत, कपड़ा, साहस, उत्साह ।

કાથો (सं.) रस्सियों का बंडल,

કાદવ-વાળું (सं.) कीचड, पंक, कचरा, मैला,

કાન (सं.) कर्ण, श्रोत्रेन्द्रिय, तोप या बन्दूक की आख या बत्ती लगाने की जगह ।

કાનકોતરણી (स.) कान का मैल निकालने की सलाई ।

કાનકાપવા (क्रि.) मात करना, हरादेना, बढ जाना, सबकृत ले जाना ।

કાન ખજુરો (सं.) गोबर, खन, खजूरा, कनसळा, कई टॉगों का कीडा । [२ कानों की चमगीदड़,

કાનખિભોર (सं.) चमगीदड़, लम्बे

કાન દેવા-માંડવા (क्रि.) कान देना, ध्यान देना ।

કાન પકડવો (क्रि.) कान पकड़ना, अपराध स्वीकार करना, खेद करना ।
કાન ઝાલવો (क्रि.) पूर्ववत् ।
કાનપર હાથ દેવો–રાખવો–કાનેથી કાઢી નાંખવું (क्रि.) अस्वीकार करना, न मानना, अंगीकार न करना, तुच्छ जानना, घृणा करना
કાન દેવા (क्रि.) ध्यान देना ।
કાનની બૂટ (सं.) कान का सिरा
કાનનું–નો કાચું (वि.) विशेष करके बहिरा, भोळा, सीधासादा ।
કાનનો પડદો (सं.) कान का पर्दा, कानके भीतर की झिल्ली ।
કાન ફુંકવા (सं.) बहकाना, उत्तेजना देना, सावधान करना दिली पक्षपात करना ।
કાન ફૂટી જવા (क्रि.) बहरा हो जाना, या सुध होजाना। [करना ।
કાનમાં કહેવું (क्रि.) काना फूसी
કાનસ (सं.) पंक्ति, कतार,
કાનસુળ–ળા (सं.) कर्ण शूळ, कान का दर्द । [चाळ, चळन ।
કાનુન (सं.) कायदा, नियम, रीति,
કાનો (सं.) काना, जो अक्षर के पास । इस रूपमें लगाया जाता है, जिसके लगनेसे व्यंजन का उच्चारण " आ " युक्त होता है । आ स्वर की मात्रा ।
કાનોમાત્ર (सं.) काना और मात्रा " ो " ओ स्वर की मात्रा ।
કાંત (सं.) पति, प्रेमी, खसम ।
કાંતા (सं.) पत्नि, प्रिया, पृथ्वी.
કાંતિ (सं.) चमक, शोभा, दीप्ति सौन्दर्य, काच ।
કાપ–કામ (सं.) चोट, घाव, जख्म, व्रण, कान का भूषण ।
કાપડ–બજાર (सं.) वस्त्र, टुकड़े माल, कपड़े का बाजार कपड़े का व्यवसाय । [विक्रेता ।
કાપડિયો (सं.) बजाज, वस्त्र
કાપડું (सं.) अंगिया, चोली ।
કાપણી (सं.) फसल पकने का समय, फसल काटने का वक्त ।
કાપવું (क्रि.) काटना, गिरना, कम होना, घटना । [वर्षा ।
કાપશી (सं.) कपास का पौदा ।
કાપાકાપી–(सं.) मारकाट, हत्याकाण्ड, काटाकूटी,
કાપી નાંખવું (क्रि.) काट डालना, छांट डालना ।
કાપુસ (सं.) रुई, कपास, कर्पास ।
કાપો (सं.) चिन्ह, लकीर, सतर काट, धारी, लहर ।

કાફર (सं.) अधर्मी, बेईमान, बुद्ध, नीच, दुर्जन, काफिर।

કાફરી (वि.) दुष्टता, दुर्जनता, काला आदमी, हबशी, नारकी।

કાફલો (सं.) पवित्रात्मा का शरीर, यात्रियों का झुंड, यात्री जहाजों का बेड़ा।

કાફી (सं.) काफी चाह की तरह पी जाती है, राग काफी।

કાબર ચીતરૂં-કાબરૂં (सं.) चित कबरा, भूरा, रंगबिरंगा।

કાબરી (सं.) चावल के छोटे फूल।

કાબા (सं.) भारतीय दक्षिण समुद्र के डाकू।

કાબુ (सं.) अधिकार, हक, शक्ति पौरुष, वजन, प्रभाव, दबाव।

કાબુદાર (वि.) शक्तिवान, प्रभावोत्पादक।

કાબેલ (सं.) होशियार, पटु, चतुर, लायक, निपुण, गुणी।

કાબેલિયત (वि.) चतुरता, लायकी, प्रवीणता, होशियारी। [कर्कशा।

કાભા (सं.) बुरे स्वभाव की औरत,

કામ (सं.) कार्य, धन्धा, प्रयोग, आनन्द, काज, पेशा, ओहदा, कारबार, मामला, पदवी, गौरव, योग्यता, कामेच्छा, कामदेव।

કામ કળા (सं. चालाकी, चतुराई, रति, कामदेव की भार्या।

કામકાજ (सं.) कार्य, बर्ताव, कारबार, व्यौहार। [काजी।

કામગરૂ (वि.) परिश्रमी, काम,

કામ ચલાઉ (वि.) गमनीय, काम चलाने योग्य, काम धकाऊ, एवजी योग्य।

કામ ચલાવવું (क्रि.) काम चलाना, किसी प्रकार काम निकालना।

કામ ચોર (वि.) कामसे जी चुरानेवाला, काम से मुहँ छुपानेवाला।

કામજ્વર (सं.) प्रेम ज्वर, कामदेव से पीडित होकर बुखार हो जाना।

કામ જોગ (वि.) काम के लायक, उपकारी, उपयोगी।

કામઠી-ઠું (सं.) बाँस की चर्पट, बाँस की खपची, कमान, धनुष।

કામણ (सं.) जादू, टोना इन्द्रजाल, टुटका।

કામણગારૂ (सं.) जादूगर, टोने करनेवाला, जादू मंत्री।

કામણ ટુમણ (सं.) जादू, जादूगरी, इन्द्रजाल, टोना।

કામદાર (सं.) सर्कारी सरिश्ते या दफ्तर सम्बन्धी, मंत्री, व्यवस्थापक, सरबराहकार, शासक।

કામદુધા-ર્ગા (सं.) कामधेनु, इच्छित पदार्थ देनेवाली गऊ ।

કામદેવ (सं.) मदन, अतनु, मार, प्रेम के अधिष्ठाता देव ।

કામધંધો (सं.) काम काज, व्यापार, कार्य, काम ।

કામના (सं.) इच्छा, चाह, अभिरुचि, वासना ।

કામની (सं.) कामयुक्ता स्त्री, कोमल हृदयवाली, प्रेमिणी, (सं.) उपादेय, उपयोगी,

કામનું (वि.) मुफीद, काम में आनेवाला, उपयोगी काम का ।

કામરૂપ-પી (वि.) इच्छानुसार रूप धारण करनेवाला, प्रेमी, मोहनी, [रतामिलाषा, कामेच्छा ।

કામ વાસના (सं.) विषयवासना,

કામ વિકાર (सं.) प्रेम की बीमारी, हरी बीमारी । [शास्त्र ।

કામશાસ્ત્ર (सं.) रतिशास्त्र, कोक

કામળ-ળી (सं.) कम्बल, लोई

કામા (सं.) प्रिया, विराम का चिन्ह (,) [पीड़ित, कामुक ।

કામાતુર (सं.) कामीत, काम

કામિની (सं.) रूपवान स्त्री ।

કામી (सं.) कामातुर, रसिया ।

કામેટી (सं.) कमेटी, सभा, पंचायत, परीक्षा, जाँच । [सेजन,

કામોદય (सं.) प्रारंभिक प्रेम, कामो-

કામ્ય (वि.) प्रेम के योग्य स्वार्थी, खुद मतलब ।

કાયદાસર-દેસર (क्रि. वि.) न्याय युक्त, उचित, ठीक, सही ।

કાયદો (सं.) कानून, नियम, आज्ञा हुक्म,

કાયફલ (सं.) एक औषधि विशेष, कायफल ।

કાયમ (सं.) मुकर्रर, नियत, दृढ, मजबूत । [थका, सुस्त ।

કાયર-રૂ (सं.) डरपोक, बुज़दिल,

કાયલી (वि.) बिमारी, अस्वस्थता ।

કાયર કરવું (क्रि.) थकाना, घृणा करना, क्लेश देना, खिझाना, चिड़ाना।

કાયા (सं.) शरीर, देह, जिस्म, बनावट ।

કાયા કષ્ઠ (सं.) शारीरिक दुःख ।

કાર (सं.) प्रत्यय (कर्ता)

કારકીર્દી (सं.) शासन की अवधि कामकावक्त, कार्य काल ।

કારકુન (सं.) क्लर्क, मुन्शी, लेखक।

કારખાનું (सं.) कार्यालय, वर्कशॉप । [कसीदा ।

કારચોબ-બી (सं.) दस्तकारी

કારજ (सं.) कार्य, फौज, काज, उत्सव सम्बन्धी अवसर । [शय।

કારંજો (सं.) फव्वारा, कुंड जला-

કારણ (सं. सबब, गरज़, जरूरत, लिये (अव्य.) क्योंकि (उप.) अतएव, इस लिये ।

કારણસર (क्रि. वि.) इस कारण, कामसे, अतएव ।

કારતુસ (सं.) कारतूस (बन्दूकके)

કારભાર (सं.) प्रबन्ध, कामकाज, शासन । [पक, शासक ।

કારભારી (सं.) मेनेजर, व्यवस्था-

કારમું (वि) अद्भुत, अजीब, विचित्र ।

કારસ્તાન (सं.) धोका, छल, चाला-की, हिस्सा, [कपट, तदबीर ।

કારસ્તાની (वि.) उपाय, यत्न,

કારાગૃહ (सं) जेलखाना, जेल, बन्दीगृह ।

કારી (वि) गहिरा, दिल की इट शब्द के अंतमें कारण बतलानेवाला अक्षर, विकास, प्रभाव, अधिकार, आवश्यक ।

કારીગર (सं.) शिल्पी, शिल्पकार, कामकरनेवाला, दस्तकार ।

કારીગરી–ગીરી (सं.) विद्या, गुण, प्रवीणता, चतुरता, हुनर ।

કારેલું (सं.) करेला, एक प्रका-रकी कड़ी भाजी । [काम धन्धा ।

કારોબાર (सं.) प्रबन्ध कामकाज,

કારોબારી મંડળ (सं.) प्रबंध कारिणी सभा, व्यवस्थापिका सभा।

કાર્મુક (सं.) धनुष, चाप ।

કાર્ય (सं.) काम, धन्धा ।

કાર્ય પ્રયોજન (सं.) उत्सव, कारण वजह, अभिप्राय, प्रयोजन ।

કાર્યસાધક (सं.) दलाल, काम बनानेवाला, [कार्यता ।

કાર્યસિદ્ધિ (सं.) सफलता, कृत

કાર્યકારણુ (क्रि. वि.) आवश्य-कता के लिये पर्याप्त ।

કાલ (सं.) आनेवाला दिन, कल,

કાલબુત (सं.) प्रथम कारण, आदि निकास, कालबूता (लकड़ी का नमूना जूते बनानेको)

કાલવવું (क्रि.) मिलाना,

કાલાં (सं.) कपास का टेंटा ।

કાલાવાલા (सं.) प्रार्थना, विनती,

કાલીંગડું (सं.) तरबूज ।

કાલું (सं.) तुतलाहट मावली घोंघा, सीप ।

કાવડ (सं.) काँवर, बहँगी । [वाला।

કાવડિયો (सं.) काँवरवाला, बँगी-

કાવતરાંખોર–બાજ–ખોર (सं.) चालाक, जुगतबाज़ ।

કાવતરું-ત્રું (सं.) धोका, चालाकी।
કાવરૂં-ત્રા (वि.) पीड़ित, दुखित, उभरा, उकसा।
કાવળું-ણું (वि.) स्वादिष्ट, कोमल, कुड़कीला, भुरभुरा। [केतली।
કાવાદાની (सं.) काफी या चा के लिये
કાવો (सं.) घोड़े को गोल चक्करमें घुमानेका कार्य, उबाल, काढा, काफी।
કાવોદાવો (सं.) मक्कार, चालाक,
કાવ્ય (सं., कविता, पद्य, छन्द, रसयुक्त वाक्य।
કાષ્ટ (सं.) लक्कड़, लकड़ी,
કાષ્ટ ઘંટ-ટા (सं.) एक लकड़ जो भागनेवाली मवेशी के गले में बांधा जाता है।
કાસદ (सं.) वाहक, लेजानेवाला, हलकारा, संवाद लेजानेवाला दूत।
કાસલ (सं.) रोक, भाई, नाश, विध्वंश। [वाला, कहार,
કાહાર (सं.) पालकी ले चलने
કાહેલી (वि.) बीमारी, सुस्ती आलस्य, बेफिक्री।
કાળ (सं.) समय, उम्र, आयु, मृत्यु, यम, दुर्भिक्ष।
કાળચક્ર (सं.) समय का फेर, भाग्य का फेर, आयु परिवर्तन, चक्र, युग।
કાળચોઘડિયું (सं.) बुरावक्त।
કાળજાની કોર (वि.) प्रिय, प्यारा, प्राणाधिक प्रिय, दिली दोस्त।
કાળજાનું ખસેલું (वि.) अव्यवस्थित, केन्द्रसे हटाहुवा, पागल, विषम। [परवाह।
કાળજી (सं.) चिंता, सोच, फिक्र,
કાળજું (सं.) दिल, हृदय, कलेजा, जिगर। [किस्मत।
કાળદશા (सं.) भाग्य, तकदीर
કાળમાન (सं.) समय का परिमाण, एक यंत्र समय देखने का।
કાળમાપક યંત્ર (सं.) समय देखने का यंत्र, एक प्रकार की घड़ी।
કાળાંતરે (क्रि. वि.) देरमें, विलंब से, समयान्तर से।
કાળાશ (सं.) कालापन, अँधेरा, श्यामता, तिमिर। [आभूषण।
કાળીગાંઠી (सं.) गळेमें पहिनने का
કાળીજીરી (सं.) कालाजीरी, एक औषधि विशेष। [दोष, कलंक।
કાળીટીલી (सं.) बदनामी, दाग,
કાળી દરાખ (सं.) काळी किशमिश।
કાળું (सं.) काला, श्याम अंधेरा, बुरा, दुष्ट, शरमिंदा, लज्जित।
કાળું કરવું (क्रि.) शर्मसे या अप्रतिष्ठा के कारण मुहँ छुपाना।

કાળો કેર (सं.) दुर्भाग्य, विपत्ति, आपद्। [काम, निंद्य कार्य।
કાળું ધોળું (सं.) दुष्ट, पापी, बुरे-
કાળું પાણી (सं.) देश निर्वासन, कालापानी।
કિંવા (अ.) या, अथवा,
કિકિયારી (सं.) चिक्कार, चिंघाड़, चीख की आवाज।
કિંકર (सं.) सेवक, भृत्य, दास, पत्थर, पाषाण।
કિંકરી (सं.) दासी, नौकरनी,
કિચકિચ (सं.) बकबक, खिच खिच। [दल दल, मैला, कचरा।
કિચડ–ચ્ચડ (सं.) पंक, कीच,
કિંચિતમાત્ર (वि.) थोड़ासा, कुछ,
કિડિઆં (सं.) काच के गुरिये, काच के दाने।
કિડિયારૂં (सं.) चिउंटियों का बिल,
કિતવ (सं.) जुआरी, जुवा,
કિતાબ (सं.) पुस्तक, पोथी।
કિતાબખાનું (सं.) लायब्रेरी, पुस्तकालय।
કિતા (सं.) हस्ताक्षर दुरुस्तकरने की कापी बुक, भूमि का हिस्सा या बाँटा।
કિનખાપ–બ (सं.) बूटेवाली पट्ट, बादला, कमखाब, वस्त्र की एक किस्म। [वाद्य विशेष।
કિનરી (सं.) सारंगी, चिकारा, बेला,
કિનાખોર (वि.) द्वेषी, द्रोही, लागी, कीनावर।
કિનાત (सं.) तम्बूकी दीवार, कपड़े की परिधि, कनात।
કિનારી–રી (सं.) सिरा, गोटा, रौंश।
કિનારો (सं.) तट, तीर, कूल, हाशिया, किनारा।
કિનો (सं.) द्वेष, द्रोह, डाह, शत्रुता।
કિફાયત (सं.) फायदा लाभ, मुनाफा।
કિફાયત પડતું (सं.) सस्ता, लाभप्रद, फायदा देनेवाला। [महँगा।
કિમતી–તવાન (सं.) मूल्यवान,
કિમિયાગર (सं.) रसायन बनानेवाला, कीमिया बनानेवाला, बाजीगर, जादूगर।
કિમ્મત (सं.) मूल्य, दाम, लागत।
કિમ્મતવાર (वि.) सूचीपत्र, वस्तुओंकी कीमत प्रदर्शित करनेवाला सूचीपत्र।
કિયું (सर्व.) कौन? क्या?
કિરકુલ–કોળ (वि.) पृथक पृथक्, फुटकर, कई एक, मुतफर्रिकात, पचमेल।
કિરણ (सं.) रश्मि, प्रकाश,
કિરતાર (सं.) कर्ता, ईश्वर,
કિરમજ (सं.) कीड़े जिन से एक प्रकारका रंग बनता है।

કિરમજ (सं.) सेंदूरिया रंग, लाल रंग।

કિરાયાદાર (सं.) भाड़ेदार, भड़ैत।

કિરાયું (सं.) भाड़ा, किराया, लगान, महसूल।

કિરીટ (सं.) मुकुट, चोटी, – टी (सं.) अर्जुन (पांडव)

કિલકિલ (सं.) चिड़ियों की चुहचहाना, चहचहाट।

કિલાવો (सं.) रस्सी जो हाथी के गलेमें उतरनेवाले को पायड़ का काम देती है।

કિલિદાર (सं.) खजानची। कोषाध्यक्ष, धनाध्यक्ष। [कीड़ा, घुन,

કિલ્લુ (सं.) एक प्रकारका छोटा

કિલ્લેદાર (सं.) किले का अध्यक्ष, दुर्गपति। [कोट।

કિલ્લો (सं.) क़िला, दुर्ग, गढ़,

કિશોર (सं.) अवस्था विशेष, बालक, नौजवान, छोकरा, नाबालिग २१ वर्ष से कम उम्र का (कानून मे)

કિસમ (सं.) भाँति, प्रकार, जाति,

કિસાન (सं.) कृषक खेतिहार, गँवार।

કિસ્ત (सं.) ऋण, भाग, माल, गुजारी समय समय पर चुकाना, (वि.) हार, पराजय।

કિસ્મત (सं.) भाग्य, कर्म, तकदीर,

કિસ્સો (सं.) कहानी, वर्णन।

કીકી (सं.) लड़की, बालिका, आंख की पुतली,

કીકો (सं.) लड़का, बालक।

કીટ (सं.) कीड़ा मकोड़ा, दक्ष, प्रवीण, निपुण। [मैल।

કીટી (सं.) कपास का धूला, कीट,

કીડી (सं.) चिउंटी।

કીડો (सं.) कृमि, कीड़ा, गुबरीला,

કીર (सं.) तोता, सुवा, सुग्गा,

કીર્તન (सं.) गाकर के स्वर ताल के साथ ईश्वर स्मरण, भजन।

કીર્તનિયો (सं.) झाँझ, करताल, भजन। गायक।

કીર્તિ (सं.) नामवरी, यश, सुख्याति, बड़ाई, स्तुति।

કીર્તિમાન–વાન (सं.) यशस्वी, प्रतिष्ठित, मानी, नामी, कीर्ति, विशिष्ट। [चाबी, खजाना।

કીલી (सं.) लड़की, बालिका,

કીલો (सं.) लड़का, बालक,

કુંચી (सं.) चाबी, कुंजी, ताली, सूत का गोला, पता।

કુંજડો (सं.) शाकभाजी बेचनेवाला, बागवान।

કુંડળી (सं.) एक छोटा गोल छल्ला, जन्मपत्री में आयुका हाल बतानेवाली ग्रहकुंडली ।

કુંડાળું (सं.) गोल, चक्कर,

કુંડી (सं.) मिट्टी या पत्थरकी कूँडी । खरल, चमड़ेकी सुराही, छोटी तलाई, पोखरा, कुंड, जलाशय, गमला, फुलवारी बोने के मिट्टी के पात्र ।

કુંભાર (सं.) कुम्हार, मिट्टी के पात्र बनाने वाला ।

કુંભુ (सं.) भूमि का नापजो लगभग १ एकड़ होताहै ।

કુંવર (सं.) लड़का, बालक, राजपुत्र, राजकुमार ।

કુંવરી (सं.) लड़की, बालिका, राजपुत्री, राजसुता ।

કુંવાર (सं.) घीकुवारका पेड़ ।

કુંવારૂ (सं.) बेब्याहा, अविवाहित ।

કુ (सं.) जिस शब्द के आगे लगादियाजाय उसका अर्थ विपरीत या बुराहोजाता है ।

કુઈ (सं.) छोटाकुवा, कुइया,

કુકડી (सं.) मुर्गी ।

કુકડેકુક (सं.) मुर्गे की आवाज़, मुर्ग़े की बाँग । [शिखा ।

કુકડો (सं.) मुर्ग़; मुर्ग़ा, अरुण-

કુકર્મ (सं.) बुरेकाम, निंद्यकार्य; नीचकर्म । [अन्यायी ।

કુકર્મી (सं.) दुष्ट, बुरा, नीच,

કુકવો (क्रि.) मृतक के साथ रोते हुएजाना, मृतककोलियेरोना ।

કુખ (सं.) पसली के नीचे का भाग, कोख, कुक्ष, कोक ।

કુચ (सं.) छाती, स्तन, थप्पड़, कूद, प्रस्थान, पयान, कूच ।

કુચ કરવી (क्रि.) प्रस्थान करना, गमन करना । [कूची, ब्रश ।

કુચડો (सं.) घड़ा, मटकी, सुराही,

કુચાલ (सं.) कुरीति, बुराचलन, बुरा व्यवहार, कुटेव ।

કુચેષ્ટા (सं.) बुरी इच्छा, बुरे इरादे, चालाकी ।

કુચો (सं.) ब्रश, बुरुश, इनकार, तलछट, गाद, मैल ।

કુછ (क्रि. वि.) थोड़ा, कम, कुछ ।

કુછંદ (सं.) वशीभूत, दोष, बांक,

કુંજો (सं.) सुराई, मिट्टीकी बनी हुई झारी । [कुंज ।

કુંજ (सं.) गुफा, मँडवा, मंडप,

કુંજર (सं.) हाथी, हस्ती, -नी (सं.) हथिनी, हस्तिनी ।

કુટ (सं.) पेच, लपेट, उलझाव, (क्रि.) तोड़ना,

કુટણી (सं.) बुरी, नीच, लड़ाका, झगडालू, कुटनी, दूती, नायका ।

કુટણું (सं.) अधिक रंज के कारण छाती कूटना । [कुटना ।

કુટણું (सं.) भड़वा, भड़वा

કુટુમ્બ–ટંબ (सं.) कुनवा, गृहस्थ, स्त्री, परिवार ।

કુટવું (क्रि.) छाती पीटना, मारना, कूटना, पीटना, भारी चीज से कूटना चूर चूर करना ।

કુટી નાંખવું (क्रि.) पीसना, बुकनी करना, धमाधम्म कूटना, पीटकर दाने को भूसे से अलग करना, धुनना । [हठीला ।

કુટિલ (सं.) झुका, टेढ़ा, जिद्दी,

કુટી (सं.) झोंपड़ी, मढी, छोटा घर, पर्णशाला, मढैया ।

કુટુંબ કલહ (वि.) गृह कलह, आपसी झगड़े, घरू फूट ।

કુટુંબ પરિવાર (सं.) स्त्री पुत्र, बालबच्चे ।

કુટુંબી (सं.) रिश्तेदार सम्बंधी, घरवारी, आत्मीयजन, घरके लोग ।

કુડતું (सं.) कुड़ता, कुरता,

કુંડ (सं.) गडहा, कूप, जलाशय, यज्ञ कुंड, हवन कुंड ।

કુંડળ (सं.) कर्ण भूषण विशेष, बाला, बाली ।

કુતકું (सं.) सोटा, लाठी, डण्डा, गदा, [छत्रक,

કુતરાની ટોપી (सं.) कुकरमुत्ता.

કુતરી (सं.) कुतिया, कूकरी, कुत्ती,

रो, (सं.) कुत्ता, कूकर श्वान ।

કુતૂહલ (सं.) अद्भुत, अपूर्व, कौतुक, खेल, तमाशा ।

કુત્સિત (वि.) निन्दित, मलीन, नीच

કુથલો–લી–થો–લી (सं.) पेचदार विषय, गहन विषय, व्यर्थका किस्सा ।

કુદકારો–કો (सं.) उछल, कूद ।

કુદરત (सं.) प्रकृति, प्रकृति का सौन्दर्य, स्वभाव, शक्ति ।

કુદરતી (सं.) स्वाभाविक, प्राकृतिक, असली । [फाँदना ।

કુદવું (क्रि.) उछलना, कूदना,

કુદી પડવું (क्रि.) कूद पड़ना,

કુંદન (सं.) शुद्धस्वर्ण, असली सोना, खरा सोना ।

કુંદી (सं.) वस्त्रोंपर कलफ़ या इस्तरी करने का कार्य ।

કુંદીપાક (सं.) पिटाई, कुटाई,

કુંદો (सं.) बन्दूक का कुंदा, लाठी सोंटा, डण्डा । [दुराचरण ।

કુપથ (सं.) बुरामार्ग, कुपथ,

કુપથ્ય (सं.) अपथ्य, अनुचित भोजन । [अपात्र ।
કુપાત્ર (वि.) अयोग्य, अनुपयुक्त,
કુપ્પો (सं.) चमड़े का कुप्पा ।
કુબજા (सं.) बदसूरत स्त्री डाइन, जादूगरनी ।
કુબડું (सं.) जिसकी पीठपर कूबड़ हो, बदशक्ल, कुरूप । [मति भ्रम ।
કુબુદ્ધિ (सं.) दुर्बुद्धि, गलत खयाल,
કુબેર (सं.) देवताओंको कोषाध्यक्ष, [राहुवा ।
કુબો (सं.) चूना, कलई, (विश
કુંભ (सं.) कुंभराशि, पानी का घड़ा, मटकी, घट ।
કુભાંડ (सं.) पेचीदा तदबीर, बलदार हिकमत, दुरपवाद, मिथ्या-कलङ्क, सन्देह ।
કુભારજા (सं.) कर्कशा, दुष्टा, नीच औरत ।
કુમક (सं.) सहायता, मदद, योग।
કુમતિ (सं.) दुर्मति, दुर्बुद्धि, अल्पबुद्धि । [करुणा, दया
કુમળાસ (सं.) कोमलता, नाजुकी,
કુમળું (सं.) कोमल, सुकुमार, नाजुक । [राजपुत्र ।
કુમાર (सं.) लड़का, छोकरा,
કુમારિકા (सं.) लड़की, कन्या, अविवाहिता । [रास्ता ।
કુમાર્ગ (सं.) कुपथ, पापमय
કુમાસ (सं.) बनावट, सौन्दर्य्य, उत्कृष्टता । [का, सर्वोत्कृष्ट ।
કુમાસદાર (सं.) अच्छी बनावट
કુમુદ (सं.) सफेद कमल, कुमोदिनी, कोई ।
કુંભકર્ણ (सं.) रावण का बड़ा भाई राक्षस, खूब सोने वाला, निंदासा, आलसी ।
કુંભી (सं.) मीनारे की नेव, खंभे की जड़, स्तंभ मूळ ।
કુરકુરિયું (सं.) पिल्ला, भेडियें का बचा, कुतिया का बच्चा ।
કુરંગ (सं.) हरिण, मृग,
કુરબાન (सं.) वलिदान, भेट, होम, यज्ञ (वि.) अतिप्रसन्न ।
કુરાન (सं.) मुसलमानों की धर्म पुस्तक, कुरान ।
કુલ (सं.) मुवाक्किल, यजमान (वि.) सब, सम्पूर्ण टोटल ।
કુલક્ષણુ (सं.) बदचलनी, कुचाल
કુલટા (सं.) छिनाल, व्यभिचारिणी, रंडी, कसबी, वेश्या ।
કુલડી (सं.) एक मिट्टी का पात्र, कुल्हैया, कुलदा, सारा, पुरवा ।

કુલીન (सं.) माननीय, सभ्य, भला, कुलवान, अच्छे घराने का

કુલીનતા-પણુ (सं.) सभ्यता, भलमंसाहत, श्रेष्ठता ।

કુલીન પુરૂષ (सं.) भला आदमी, सज्जन पुरुष, कुलीन व्यक्ति ।

કુલું (सं.) चूतड़, ढोंगे, कूल्हा,

કુલ્લી (सं.) चमड़े का बर्तन ।

કુવાડી (सं.) कुल्हाडी, बसूला ।

કુવાદ (सं.) दोष, बुराई अपवाद,

કુવાથ (सं.) काढ़ा, क्वाथ,

કુવેતર (सं.) सींची हुई भूमि, कुए से सींचीजानेवाली जमीन ।

કુવો (सं.) कूप, कुआ ।

કુંવારી (सं.) कन्या, अविवाहिता, बे व्याही । [व्याहा ।

કુંવારો (सं.) अविवाहित, बे

કુવાસના (सं.) दुर्गन्ध, बदबू, दोष, कलङ्क । [पवित्र घास ।

કુશ (सं.) दर्भ, डाभ, कुशनाम्नी

કુશળ (सं.) कल्याण, मंगल, भलाई, पुण्य, योग्य लायक ।

કુશળતા-ળી (सं.) कुशळ, क्षेम, कल्याण, निपुणता, योग्यता ।

કુશળ બુદ્ધિ-કુશાગ્રબુદ્ધિ (सं.) तेजी, शीघ्र समझने की बुद्धि, तीव्र बुद्धि, बुद्धिमान, अक्लमंद ।

કુશકી (सं.) चाँवलोंकी भूसी, चोकर भूसी, चावलों का छिलका ।

કુશાગ્ર (सं.) पैना, नुकीला, नोकदार,

કુશાદ (सं.) चौड़ा, विस्तीर्ण, लंबा चौडा, कुशादा, ऊँचा, घमंडी,

કુશીલ (सं.) बदमिजाज, बुरी प्रकृति का ।

કુષ્ટરોગ (सं.) कोढ की बीमारी

કુસંગ-તિ,-ત (सं.) बुरी संगति, बद सोहबत, दुर्जन सहवास, बुरासाथ । [युद्ध, व्यायाम,

કુસ્તી-બાજી (सं.) कुश्ती, मल्ल-

કુસ્તીબાજ (सं.) पहलवान, मल्ल ।

કુસંપ (सं.) असम्मत, अयोग्य ।

કુસ્વપ્ન-પ્નું (सं.) बुरा सपना,

કુસ્વભાવ (सं.) बुरी आदत, दुष्ट प्रकृति ।

કુસુમ (सं.) पुष्प, फूल,

કુહાડી-ડો (सं.) कुल्हाडा, परसा,

કુળ (सं.) वंश, कुल, खान्दान, पीढी, गोत्र, वर्ण, जाति ।

કુળકરણી (सं.) गांवका मुनीम, वह जो लेखा खूब समझता हो ।

કુળતારક-દીપક (सं.) सुपुत्र, वंशमें दीपक के तुल्य, नरश्रेष्ठ,

કુળદેવી (सं.) कुलमें पूजी जाने वाली देवी ।

કુળભૂષણ (सं.) वंशरत्न, कुलमें भूषण के समान, कुलरत्न, कुलश्रेष्ठ ।

કુળવંત-વાન (सं.) कुलीन, खान्दानी, श्रेष्ठ कुलोत्पन्न । [रीति ।

કુળાચાર (सं.) वंश रीति, कुल

કુળાભિમાન (सं.) आत्माभिमान, वंश गर्व । [सभ्य, खान्दानी ।

કુલીન (वि.) उच्च वंशोद्भव, भला,

કુક્ષ (सं.) कोख, पेट,

કૂચા-ચો (सं.) ब्रुश, बुरश, कूची ।

કૂચ (सं.) प्रस्थान, पयान, प्याला, कटोरा, गुप्त, पोशीदा ।

કૂડું (सं.) दुष्ट, बुरा, नीच, बदमाश, झूठा, अविश्वासी ।

કૂર (सं.) उबले हुए चावल, भात । ['किया हुवा' होता है ।

કૃત (सं.) प्रत्यय, जिसका अर्थ

કૃતઘ્ન-ઘ્ની (वि.) उपकार न माननेवाला, अधन्यवादी, किये हुए काम का एहसान न माननेवाला ।

કૃતજ્ઞ-જ્ઞી (सं.) उपकार माननेवाला, एहसानमन्द, शुक्र गुज़ार ।

કૃતયુગ (सं.) सतयुग, प्रथम युग, देवयुग । स्वर्ण समय ।

કૃતાંત (सं.) मृत्यु, मौत, यम, यमदूत, काल । [हाल, सिद्ध मनोरथ ।

કૃતાર્થ-ર્થી (वि.) कृतकार्य, नि

કૃતિ (सं.) काम, काज, कार्य,कर्म ।

કૃત્ય (सं.) कर्तव्य, डयूटी, फर्ज़ ।

કૃત્રિમ (सं.) बनावटी, नकली, झूठा, मुतवन्ना ।

કૃત્રિમી (सं.) पूर्ववत्

કૃદંત (सं.) वह शब्द जो गुणवाचक और क्रिया के लक्षण रखता हो ।

કૃપણ (सं.) कंजूस, मक्खीचूस, सूम । [अनुकम्पा ।

કૃપા (सं.) दया, मिहरबानी,

કૃપાનાથ-નીધી-ધાન (सं) दयालु, दयासागर, ईश्वर, परमात्मा ।

કૃપાળ-ળુ (सं.) दयालु, मिहरबान ।

કૃમિ (सं.) कीड़ा, कीट, आँतके कीडे पेट के कृमि ।

કૃમિનાશક (सं.) कीड़ों को नाश करनेवाला, कीट नाशक ।

કૃશ (सं.) दुबला, पतला, कमजोर, दुर्बल ।

કૃશાન (सं.) आग, अग्नि, पावक ।

કૃષિ (सं.) खेती, काश्त, किसानी ।

કૃષ્ણ (सं.) श्रीकृष्णचन्द्र, देवकी के लड़के (वि.) काला, श्याम ।

કૃષ્ણપક્ષ (सं.) काला पखवाड़ा, अँधेरा पखवाड़ा, बिदी, अंधेरा अर्ध मास ।

કૃષ્ણાર્પણ (सं.) निष्काम कर्म, भेट, त्यागपूर्वक भेंट करना, हरि अर्पण ।

કેંસ (सं.) गांठ, बन्धन, बटन बोताम ।

કે (अ.) वह, या, ऐसे, जैसे ।

કેયામત (सं.) न्याय का दिन, अंतिम दिन, वह दिन जिस दिन मुसलमानों का न्याय ईश्वर करेगा।

કેઈ (सर्व.) कौन ? क्या ?

કેટલાંએક-ક (वि.) कई, बहुत से, बहुतेरे, चन्द, कुछ, थोड़े ।

કેટલું (क्रि. वि.) कितना ?

કેટલીવાર (क्रि. वि.) कब, किस समय ? कितनी वेर ?

કેડ (सं.) कटि, कमर,

કેડી (सं.) पगडण्डी ।

કેડે (उप.) पीछे, बाद (क्रि. वि.) इस के बाद, तब, कमरपर ।

કેડે લાગવું-પડવું-લેવી (क्रि.) पीछे पड़ना, पीछे लग जाना, पीछा न छोड़ना ।

કેડે લેવું (क्रि.) उठाना, पाकना, बच्चेको कमर पर लेना, गोदी लेना।

કેડો (सं.) पीछा, सड़क, सिरा,

કેણીગમ-તરફ, મર (क्रि. वि.) किधर, कहाँ, किस ओर, किस दिशामें । [प्रसिद्ध वृक्ष ।

કેતકી (सं.) केतकी नामक

કેતુ (सं.) नवमग्रह, झंडा, ध्वजा, धूमकेतु, पुच्छलतारा ।

કેદ (सं.) रुकाव, बंधन, कैद, बंन्धुआई, कारावंधन ।

કેદ કરવું-કેદમાં રાખવું (क्रि.) वन्दी करना, बंधनमें रखना, जेलमें रखना । [गृह, जेल ।

કેદખાનું (सं.) कारावास, बन्दी

કેદી (सं.) वन्दी, बँधुआ, कैदी ।

કેન્દ્ર (सं.) मर्कज, दरम्यानी, नुकता । मध्य । [लापन ।

કેફ (सं.) नशा, मस्ती, मतवा-

કેફિયત (सं.) ब्यौरा, तपसील, कारण सबब ।

કેફી (सं.) नशेका अथवा मादक वस्तु का व्यसनी, नशेबाज, नशा ।

કેમ (क्रि. वि.) कैसे, किस प्रकार क्यां?

કેમ કરતા-મે કરીને (क्रि. वि.) किसीभी भाँति, कैसेभी, किस भाँति?

કેમકે-જે (अ.) वास्ते, लिये, अतः क्यों कि, कारण कि, इस लिये ।

કેમરે (क्रि. वि.) क्यो ? किस वास्ते ?

કેર (सं,) दबाव, सख्ती, जुल्म, अन्याय, कठोरता, उपद्रव, स्वतंत्र राज्य ।

કેરબો (सं.) एक प्रकारका नाच, गुजराती नाच कहरवा, गुलाब जल रखनेका शुण्डाकार काच का पात्र । [बेर, एक प्रकारका फल ।

કેરાં (सं.) कैर, टैंट, एक प्रकारके खट्टे

કેરી (सं.) आम, आम्र, चूत ।

કેવડું (क्रि. वि.) कितना, कितना, (अधिक) कितना (बड़ा)।

કેવડો (सं.) केवड़ा वृक्ष, (क्रि. वि.) कितना (पुराना) कितना (बड़ा)

કેવળ (वि.) शुद्ध, केवळ, सिर्फ (क्रि वि.) सब, सब प्रकार, ठीक।

કેવળ પ્રયોગી અવ્યય (सं.) (व्याकरण में) अव्यय ।

કેવારે (क्रि. वि.) कब ? किस समय ?

કેવું (वि.) कैसा, किसभाँतिका,

કેશ-સ (सं.) बाल, कच પાશ (सं.) बालों की गांठ।

કેશર-સર (सं.) जाफरानी रंग । केशरिया रंग । जाफरान ।

કેશવાળી (सं.) सिंह या घोड़े की गर्दन के बाल, अयाल ।

કેશાકર્ષણ (सं.) बालों का खिंचाव केशाकर्षण, बालों की खींच,

કેસરિયાં કરવાં (क्रि.) युद्धमेंजी तोड़ परिश्रम करना ।

કેસરી (सं.) शेर, सिंह, केहरि,

કેસુડાં (सं.) पलाश, वृक्षके पुष्प

કેહેણ (सं.) संदेशा, खबर, बुलावा, निमन्त्रण ।

કેહેણી-તી-વત (सं.) कहावत, कहतूत, मसला, निंदा दोष, कलंक, अपयश । [कथन करना ।

કેહેવું (क्रि.) कहना, बोलना,

કેળ (सं.) केले का वृक्ष, रंभा वृक्ष, कदली वृक्ष ।

કેળપડી (सं.) ग्यारहकी संख्या,

કેળવણી (सं.) शिक्षा, इल्म विद्या उपदेश ।

કેળવવું (क्रि.) सिखाना, शिक्षा देना, पालना, तालीम देना ।

કેળું (सं.) केला, रंभा फल, कदली फल ।

કૈંક (वि.) बहुतेक, बहुतेरे, कई,

કૈલાસ (सं.) कैलास पर्वत, शिवजी के रहने का पहाड ।

કૈલાસવાસી (वि.) शिव धाम के रहनेवाले, मृत, मेराहुवा ।

કૈવલ્ય (सं.) मुक्ति, मोक्ष, निर्वाण, परित्राण, परधाम की प्राप्ति, लय,

કોઈ (वि.) कोऊ, कोई एक,

કોઈકાળે (क्रि. वि.) किसी समय कभी कभी, विरले ।

કોઈતું (सं.) बसूला, कुल्हाडी ।

કોકબાણુ (सं.) काम बाण, मदन शर, कामदेव के तीर ।

કોકમ (सं.) आम की गुठली, अमचूर । [कुछ गरम, गुनगुना ।
કોકરવાયું (वि.) कुनकुना, कुछ
કોકરવું (सं.) कान की बाली ।
કોકશાસ્ત્ર (सं.) रतिशास्त्र, कामशास्त्र वह शास्त्र जिसमें गर्भ विषयक वर्णन हो । प्रेमशास्त्र ।
કોકિલ–લા (सं.) कोयल, पिक
કોગળિયું (सं.) हैजा, विसूचिका।
કોગળો કરવો (क्रि.) कुल्ला करना, गंडूष કોગળો (सं.) कुल्ला, कुल्ली, गण्डूष । [सेज, शय्या ।
કોચ (सं.) पलंग, खाट, पर्यंक,
કોચરૂં–લું (सं.) कठिन छिलका, नरेठी, नरियल का सख्त छिलका ।
કોચવું (क्रि.) वेधना, छेदना, सूराखकरना, गड़ोना, चुभोना ।
કોટ (सं.) गर्दन, गला, शहर पनाह, नगर प्राचीर, कोट, किला, दुर्ग, कोट (वस्त्र) [कोठा ।
કોટડી (सं.) कमरा, कोठरी,
કોટલ (सं.) जादू, टोना, मंत्र टुटका। [पोलिस मजिस्ट्रेट ।
કોટવાલ (सं.) मुन्सरिम, थानेदार,
કોટવાલી (सं.) पुलिस कचहरी, पुलिस स्टेशन, थाना ।
કોટિ–ટી (सं.) करोड़, दस लाख। आलिंगन, गोद । [डोंगी ।
કોટિયું (सं.) डोंगा, छोटीनाव
કોટિયો (सं.) कातने का औजार, ताकू, तकला ।
કોટી કરવી (क्रि.) लिपटाना, आलिंगन करना, छातीसे लगाना ।
કોઠું (वि.) झांसा, धोखा, कपट प्रबन्ध, अधम प्रेम, फंदा, फाँसी, बन्दोवस्त, प्रबंध ।
કોટયાન કોટિ (वि.) करोड संख्यक, कोटि कोटि, करोडों, अगणित । [एक प्रकार का फल।
કોઠ (सं.) एक प्रकार का साँप,
કોઠાર (सं.) खत्ती, बखारी, भण्डार गृह । [व्यापारी ।
કોઠારી (सं.) भण्डारी, अन्न का
કોઠી (सं.) अन्न भरने की मिट्टी की बनी कोठी, आढत, गोदाम, सरकारी आफिसर के रहने का स्थान । निवास स्थान ।
કોઠું (सं.) सूरत, शक्ल, रूप, दिखावट, मुखलक्षण, निरूपण विद्या, इल्मकयाफ़ा । फल ।
કોઠો (सं.) पेट, उदर, जठर, संक्षेप, सारसंग्रह, भोजन, खाना, अंगरखे का ऊपरी भाग ।

કોડ (सं.) लालसा, अभिलाषा, चाह, चिंता, सोच।
કોડિયું (सं.) कमगहिरा मिट्टी का प्याला, कोडी, कुप्पी।
કોડિલું (वि.) उत्सुक, अनुरागी, अभिलाषी, लालायित, इच्छुक।
કોડી (सं.) कौड़ी, सख्त छिलका, निकम्मा, अनुपयोगी, २० नग।
કોઢું (सं.) चौंधा, मोहरा, [चूल्हा।
કોઢ (सं.) कुष्ट रोग, भट्टी, भाड़,
કોણ (सर्व.) कौन? क्या? (सं.) कोना, खूंट, दोरेखाओं का मेळ।
કોણ જાણે (क्रि. वि) क्या जाने! शायद, सम्भवत।
કોણી (सं.) कुहनी
કોતુક (सं.) अ ुत, अजीब, अचंभा, आश्चर्य,
કોતર (सं.) गुफा, कन्दरा, ग़ार मॉद, छिद्र, तळघर।
કોતરણી (सं.) खुदाई, नक़ाशी, खुदाई करने का औज़ार।
કોતરવું (क्रि.) खोदना, काटना, पत्थरपर नक़ाशी करना, बिल खोदना।
કોનલ (वि.) फालतू, अलग्ययी।
કોર્ઇતાર્ઈ (सं.) कमी, घटी, न्यूनता।
કોથમીર (सं.) धनिये का पौधा।
કોથળી (सं.) थैली, एक प्रकार की संख्या, (बोल चाल की भाषा में)
કોથળો (सं.) थैला, बोरा, [कोठी।
કોદરા (सं.) एक प्रकार का अन्न,
કોદાળી (सं.) कुदाली, फावड़ा, खुर्पी।
કોનવત (सं.) ईशान कोण या वायव्य कोण का खड़ा लम्बाकार
કોનાત્મક (वि.) नुकीला, कोणयुक्त,
કોપ (सं.) क्रोध, राग, तामस, रिस, [तल का मिश्रण।
કોપરપરાસ (सं.) ताँबे और पी-
કોપરાપાક (सं.) एक प्रकार की मिठाई जा खोपरे आर शक्कर के योग से बनती है। मार।
કોપરિયું (सं.) कुहनी [खोपरा।
કોપરું (सं.) नारियल की गरी,
કોપરેલ (सं.) खोपरेका तेल, नारियल का तेल।
કોપવું (क्रि.) क्रुद्ध होना, नाराज़ होना, कीमत करना। [कुपित।
કોપાયમાન (वि.) क्रुद्ध, नाराज़,
કોપીન (सं.) लँगोटी।
કોભર (सं.) खड्ड, दर्रा, घाटी, दो पहाड़ो के बीच की जगह।
કોબીજ (सं.) गोभी, करम सा।

કોબો કરવો (क्रि.) चूने का फर्श पीटकर बनाना, फर्श पर चूना कूटना। [कौम।
કોમ (सं.) लोग, वर्ण, जाति,
કોમળ (सं.) मुलायम, नरम, मृदु। [मृदुता, सुकुमारता।
કોમળતા (वि.) नरमी, मुलायमी
કોયડો (सं.) पहेली, बुझौवल, प्रवाल्हिका। [कोकिला, पिक।
કોયલ (सं.) भारतीय कोकिल,
કોયલો (सं.) कोला, बुझाहुवा अंगारा। [प्रान्त भाग। गोट।
કોર (सं.) किनारा, छोर, कगर,
કોરટ (सं.) कोर्ट, न्यायालय, अदालत।
કોરડું-રાડું (वि.) सूखा, सील नमी, तरी, आदि से रहित।
કોરડો (सं.) चाबुक, कोड़ा, शक्ति, अधिकार।
કોરણ (सं.) देखो કોર
કોરણી (सं.) देखो કોતરણી
કોરમું (सं.) धीमी धीमी आग से पकाई, उबली, हुई, दली हुई दाल।
કોરી (सं.) चाँदी का एक छोटा सिक्का जो लगभग चार आने के होता है।
કોરૂ (सं.) कोरा, नया, सूखा, शुद्ध, बे बर्ती वस्तु, सादा, नीरस।
કોરે (क्रि. वि.) एक तरफ अलग (उप.) के पास, समीप, कोने में।
કોરે મુકવું (क्रि.) अलग रखना, एक तरफ डाल देना।
કોરે રાખવું (क्रि.) एक तरफ डाल रखना, एक ओर बिठा रखना।
કોલ (सं.) शब्द, वचन, जहाज़ का बन्दरगाह में प्रवेश, खरळ, वादा, गिरो, जमानत, बन्धक, रहन। [रार, वादा, संधि, मेळ।
કોલ કરાર (सं.) नियमपत्र, इक-
કોલસો (सं.) देखो કોયલો
કોલાહલ (सं.) रौला, कलकल, शोर गुल। [परिश्रम द्वारा पुष्ट।
કોલાટી (सं.) पुष्ट, शारीरिक
કોલું (सं.) गीदड़, लड़ैया, स्यार, लोमड़ी।
કોશો (सं.) कबरापन, भूरापन।
કોવિદ (सं.) पढ़ा लिखा आदमी, विद्वान, पंडित, डाक्टर, हकीम।
કોશ (सं.) खजाना, भंडार, अभिधान, डिक्शनरी, लुगत। म्यान, कली, कलिका, घन, खोदने का औजार, [प्रयत्न।
કોશિશ-શેશ (सं.) यत्न, उद्योग

કોશેટો (सं.) रेशम का कीड़ा, कच्चे रेशम का कोया।

કોષ્ટક (सं.) लेखा या गिन्ती का नक्शा। कोष्टक। ब्रेकेट।

કોસ (सं.) दो मील, कोश, चमड़े का डोल या डोलची, खोदने का लोहे का औजार, खनित्र।

કોસથુ (सं.) पसलियों के नीचे की बाजू, कोल। [करना।

કોસણવું (क्रि.) मिलाना, मिश्रित

કોસંબી (स) लाल, सुर्ख।

કોસબો (सं.) अफीम के पानी में घोलकर शरबत बनाना।

કોસલું (सं.) हल में लगाया जाने वाला लोहे का औजार।

કોસવું (क्रि.) धिक्कारना, कोसना शाप देना, बातोंद्वारा दुखी करते रहना। [डोलची पर महसूल।

કોસવેરો (सं.) पानी की डोल या

કોસિયો (सं.) वह जो डोल या बालटी से पानी खींचता है।

કોસું-સલું (वि.) कुछ कुछ गर्म गुनगुना। [दोषी।

કોહેલું (वि.) सड़ा, गला, कपटी,

કોહોડ (सं.) कोढ़, कुष्ट, दूकान, कारखाना, कलम, लेखनी।

કોહોલું (सं.) गीदड़, स्यार, जम्बुक, लोमड़ी, कोल्हू, गन्ने का रस निकालने का यंत्र।

કોહોવાણ ૮(सं.) सड़ा, गला, कपट

કોહોવું (क्रि.) सड़ना, गलाना,

કોહોળું (सं.) एक प्रकार का काला कद्दू।

કોળાબોલું (वि.) कड़ी जबान बोलनेवाला, कड़ी तुम्बी, लौकी।

કોળું (वि.) उदासी, चिड़चिड़ा रूखा।

કોળ (सं.) घूंस, बड़ा चूहा।

કોળવાઈ (स.) चूहों के पकड़ने का फन्दा।

કોળિયો (सं.) ग्रास, लुकमा, टुकड़ा, छोटा, कौर। [कोरी।

કોળી (सं.) शूद्रों मे एक जाति

કોળીનાળી (सं.) शूद्र, शूद्रों की सब जातिया।

કોળું (सं.) लौकी, तुम्बी, कद्दू

કૌતક-તુક (स.) अद्भुत, विचित्र, कद्दू।

કૌમુદી (स) चाँदनी, चन्द्रप्रभा,

કૌવચ (स.) बिच्छू का पेड़, कौंच वृक्ष, कौंच की फली की खुजली। [बल।

કૌવત (स.) शक्ति, ताकात, आत्मा,

કૌશલ્ય (सं.) कुशल, निपुणता, दक्षता, होशियारी, हुनरमंदी।
કૌશિક (सं.) विश्वामित्र, कुशिक वंशीय। [( ) कोष्टक, ब्रेकेट।
કૌંસ(सं.) अनन्वित वाक्य,उपवाक्य,
કૌસ્તુભ (सं.) समुद्र मथन के वक्त निकली हुई १४ वस्तुओं मे से एक। रत्न,
ક્યામત (सं.) न्याय का दिन, वह दिन जिस दिन मुसलमानों का न्याय ईश्वर करेगा। अंतिम दिन।
ક્યારડો-રો (स) क्यारा, क्यारी।
ક્યારે (क्रि. वि.) कब? किस वक्त।
ક્યાસ (स.) अटकल, अन्दाज़। मोल, मुलाई।
ક્રમ (स.) परिपाटी, रीति, भाँति, अनुक्रम। [,कदम, अतिक्रमण।
ક્રમણ (सं) चलना, आगे बढना
ક્રયવિક્રય (स.) बेच खोच, बेचना और खरीदना। वाणिज्य,
ક્રાંતિ (सं.) बदल, परिवर्तन, आक्रमण, गमन,। [चक्र।
ક્રાંતિવૃત (सं. ग्रहमंडल, राशि-
ક્રિયા (सं.) व्यवहार,काम, कृत्य, उत्सव, रीति। [क्रिया शब्द।
ક્રિયાપદ (सं.) व्याकरण में क्रिया,
ક્રિયાવિશેષણ (सं.) वह शब्द जिस से क्रिया में कुछ विशेषता पाई जावे [मजाक।
ક્રીડા (सं.) खेल, दिलबहलाव,
ક્રૂર (सं.) सख्त, कठोर, निर्दय बेरहम, भयानक।
ક્રોડ (सं.) कोटि, करोड़।
ક્રોધ (सं.) गुस्सा, कोप,
ક્રોધાયમાન (वि.) कुपित, क्रोध-युक्त, कोपाविष्ट, [प्रकृतिका।
ક્રોધિષ્ટ-ધી (सं.) गुस्सैल, क्रोधी
ક્લિષ્ટ (सं.) दुखी, क्रोधित, कठिन, थका हुवा।
ક્લીબ (सं.) नपुंसक, हिजड़ा,
ક્લેશ (सं.) दुःख, तकलीफ, झगड़ा बखेड़ा, लड़ाई।
ક્વચિત (क्रि. वि.) कुछ, थोड़ा, कदाचित्।
ક્વાથ (सं.) काढ़ा,

ખ

ખ—गुजराती वर्णमाला का १३ वाँ अक्षर, (सं.) स्वर्ग, आकाश, शून्य। [रोग।
ખઈ (सं.) क्षयी, तपेदिक क्षय-
ખખ (सं.) अत्यंत बूढा, खखड़ा, थका

ખખડેલું (वि.) चिड़चिड़ा, बड़बड़ाने वाला, खड़खड़ने वाला, बकवादी।

ખખડવું (क्रि.) खड़ खड़ना, बकवाद करना [खड़खड़ शब्द।

ખખડાટ (सं.) खड़खड़ाहट,

ખખડાવવું (क्रि.) झड़झड़ाना, खड़खड़ाना, झिड़कना, खनखनाना. बक बक करना. डाटना,

ખખરવખર (क्रि. वि.) सड़ना, और तितर बितर हो, तितर बितर।

ખખરવું (क्रि.) अखरना, दुख होना। [बैठे हुए गले का स्वर।

ખખરી (सं.) कंठावरोध, सूखा स्वर,

ખખરો (सं.) दूसरों के दुख में शोक, समवेदना, पछतावा, प्रायश्चित, तोबा।

ખગ (सं.) पक्षी, स्वर्ग,

ખગપતિ (सं.) गिद्ध, पक्षिराज,

ખગવાહન (सं.) ईश्वर, विष्णु

ખગોળ (सं.) स्वर्ग, तारकायुक्त आकाश, आकाश का गोळा।

ખગોળવિદ્યા (सं.) नक्षत्र विद्या, ज्योतिष।

ખગોળવેત્તા (सं.) आकाश विषयक ज्ञान रखनेवाला, ज्योतिषी।

ખગ્રાસ (सं.) संपूर्ण ग्रहण, पूर्ण ग्रहण।

ખંખાર (सं.) हिनहिनाहट

ખંખારવું (क्रि.) हिनहिनाना मगजी लगाना, गोटलगाना, बाज से शिकार कराना।

ખંખેરવું (क्रि.) कचरा झाड़ना, झुड़कना, धमकाना, डाटना।

ખગ (सं.) ईर्षा, डाह, वैर बदला, अन्याय, विरोध, द्वेष, द्रोह, प्रतिफल,

ખચકાવું (क्रि.) ठहराना, पीछे हटना, सिकुड़ना, झिझकना।

ખચરું (वि.) पुराना, प्राचीन, कूड़ा, करकट, मरियल घोड़ा।

ખચ્ચર (सं.) पशु विशेष, खच्चर, गोखर, बनैला गधा।

ખજવાળ-ખંજવાળ (सं.) चुल बुली, खुजाल, खाज।

ખજાનચી-જી (सं.) कोषाध्यक्ष, धनाध्यक्ष, रोकड़िया।

ખજાનો-જીનો (सं.) धनभंडार, कोष, राज्यधनागार।

ખજુર (सं.) खर्जूर, छुहारा (खजूर वृक्ष) [ताड़वृक्ष।

ખજુરી-રૂ (सं.) छुहारेका वृक्ष,

ખંચાવું (क्रि.) संदेह करना, हिचकिचाना, आगापीछा करना, लज्जित होना और ठहरना।

ખંજન (सं.) पक्षी विशेष, खंजन नामक पक्षी।

ખંજર (सं.) छुरी, कटार, छुरा।
ખંજરી (सं.) डफली, खञ्जरी। चंग। [दुष्ट, (वि.) ६, छः
ખટ (सं.) स्वर, तान, अवारा,
ખટકરમ-ર્મ (सं.) धार्मिक कृत्य पूजा। [छेदना, वेधना।
ખટકવું (क्रि.) खटकना, भड़कना,
ખટકો (सं.) रोक टोक, अटकाव, बाधा, रोक, सन्देह, शक।
ખટખટ (सं.) टिकटिक, शब्द, झगड़ा, विवाद, लड़ाई, व्याकुल, बे मेल।
ખટપટ (सं.) उलझाव, पेच, दुख, कष्ट, तकलीफ, चिंता, कपट, प्रबन्ध, फूट, विरोध, भेद, राजदूत, व्यवहार।
ખટપટિયો (सं.) उद्यमी पुरुष, दौड़ धूपकरनेवाला, मामला समझानेवाला, दखल देनेवाला।
ખટમધુર-રૂં (सं.) खट्टा मीठा, खट मिठ्ठा, [स्वेदज जीव।
ખટમલ (सं.) खटमल, एक
ખટરસ (सं.) छः रस, छः स्वाद, बेमेल [बेमेल, कठनाइयाँ फिक्र।
ખટરાગ (सं.) रागके छःप्रकार।
ખટરિપુ (सं.) कामक्रोध, लोभ मोह मद मत्सर ये छः शत्रु।
ખટલો (सं.) ताँता, श्रेणी, साथ, नौकर चाकर, सवारी, ठाटबाट, कुटुम्ब, विवाद, झगड़ा, पेटी, अभियोग।
ખટશાસ્ત્ર (सं.) हिन्दुओं के प्रसिद्ध छः शास्त्र, । सांख्य, योग वेदान्त, मीमांसा, न्याय, वैशेषिक।
ખટાઈ (सं.) खट्टा अर्क, खट्टापन, तुर्शी, मिठास,
ખટારો (सं.) लढ़ू गाडी, गाड़ा, पुराने ढंगकी भाड़ागाड़ी। [लाभ पाना।
ખટાવવું (क्रि.) भलाई करना,
ખટાશ (सं.) खट्टापन, तुर्शी,
ખટુમડુ (सं.) विशेषतः खट्टा, खट्टा और मीठा। [मरहम, इलाज,
ખડ (सं.) घास, भूसा, तिनका
ખડક (सं.) चट्टान, थपक।
ખડકવું (क्रि.) प्रबन्ध करना, ठीक करना, लादना, बटोरना, पास पास रखना।
ખડકી-(सं.) परिधि, अहाता, मकान का बराण्डा, गली।
ખડખડ (सं.) झन झन, अंगीठी, रोक, आड़! (वि.) साफ तौरसे।
લસોટવું (क्रि.) घोटना, बारीक पीसकर मिलादेना रगडना ।
લહેકો (सं.) स्वाद, जायका ।

લહરી (सं.) लहर, तरंग, बीचि, ऊर्म्मि।

લહવુ (क्रि.) जानना, मालूमकरना।

લહાવ઼ુ (सं.) नफा, लाभ, मुनाफा, प्राप्ति, आय, उत्पति, आमद।

લહાણી (सं.) अच्छे शुभ कार्यके समय उपस्थित रहने वालोंको एकही प्रकारका इनाम देना।

લહાવું (क्रि.) हिस्सा करदेना, बांट देना, भाग करदेना।

લહિયો (सं.) लेखक, नकलनवीस, अनुवादक, पुस्तक लिखनेवाला।

લહી (सं.) लेही, लाई, (आटे या मैदाकी बनी हुई चिपकानेके काम आती है)।

લહે (सं.) स्वाद, मज़ा, लज्जत।

લહેકવું (क्रि.) लटकमें चलना, लचकना। [लटक।

લહેકો (सं.) लचक, अंगभंगी,

લહેર (अं.) झोंका (पवनका), लहर प्रदर्शक कपड़ेपर आड़ी टेढी रेखाओंका चित्र, निशानी, प्रभाव, तर्क, वितर्क, आलस्य, नशा, ऊंघ, तरंग, ऊर्म्मि, बीचि, हिलोर, विषचढनेका पर्व, कपड़े रंगनेकी प्रक्रिया।

લહેરિયાં (ळं.) झोंकें, तरंगें, हिलोरें, वस्त्र पृथ्वीकागज इत्यादि पर लहर समान रेखाएं।

લહેરિયું (सं.) स्त्रियोंके पहिननेका एक प्रकारका आभूषण।

લહેરી (वि.) मनमौजी, आनन्दी, तरंगी, मदमस्त, नशेबाज, इश्की, विषयी, अस्थिर, संदिग्ध।

લક્ષવું (क्रि.) ध्यान पूर्वक सुनना, ध्यानदेना, एकाग्र चित्त करना।

લળકવું (क्रि.) उत्कंठित होना, लालायित होना, उमंगसे घूमते घूमते आना।

લળવું (क्रि.) झुकना, नमना, नीचा होना, हारना स्वाद लगाना, भाना। [मोड़।

લાંક (सं.) लचक, बळ, टेढापन,

લાંગ (सं.) एक प्रकारकी दाल।

લાંઘણ (सं.) उपवास, व्रत, लड्डन, निराहार काळक्षेप।

લાંઘણી (सं.) गाड़ीको समान खड़ी रखनेके लिये दोडदण्ड, टेकी, यह धुरीके पास बंधे होते हैं जहां गाडीको सीधी खडी करनी हो वहां इन्हें लगादेते हैं। टेमी।

લાંધવું (सं.) बिना अन्नजल ग्रहण किये। [वास करना।

લાંધવું (क्रि.) व्रत करना, उप-

લાંધો (सं.) लंघन, उपवास, व्रत, रोज़ा।

લાંચ (सं.) घूंस, पच्चर, रिश्वत।

લાંચ આપવી (क्रि.) घूंस देना, रिश्वत देना, मुट्ठी गरम करना, मुठ्ठी भरना।

લાંચખવાડવી (क्रि.) पूर्ववत्।

લાંચખાવી (क्रि.) घूंस पच्चर लेना, रिश्वत लेना, हाथ मारना, जेब गरम करना।

લાંચ ખવરાવવી (क्रि.) रिश्वत देना, घूंस देना, दाबना।

લાંચ (सं.) दबाव, नमन, भार।

લાંચખાઉ-ખોર (वि.) दुष्ट, नमक हराम, रिश्वतखोर घूंस लेने वाला।

લાંચવું (क्रि.) दबना, झुकना, नमना, रिश्वत देना, घूंस देना।

લાંચિયું-ચીઉં (वि.) रिश्वत लेने वाला घूस लेना वाला।

લાંચું (वि.) कम, थोड़ा, न्यून।

લાંછું (सं) लांछन, धब्बा, दाग, कलंक निशानी, चिन्ह, ऐब खोट।

લાંજો-ઝો (सं.) हरकत, आड़, रोक।

લાંઠ-ઠિયું (वि.) लुच्चा, ढोंगी, धूर्त, शठ, तुफानी, मस्त।

લાંઠાઈ (सं.) धूर्तता, शठता, छल, कपट, लुच्चाई।

લાંઠો (सं.) रखा हुआ खसम, यार, आशिक।

લાંણુ (सं.) लाभ, फायदा।

લાદો (सं.) देखो લોદો।

લાંપ (सं.) लेम्प, चिराग, दीवा, दीपक, कन्दील, लालटेन, दीप, दीया।

લાંપડું (सं.) लंबू, घासका कांटा, सूखाघास, हरा छोटा गला हुआ घास।

લાંપી-ખી (सं.) काच जमानेका चिकना पदार्थ, सफेदा और बेल तेलका मिश्रण।

લાંબડાંગિયું (वि.) जिसकी टांगे बडी हों, लम्बी टांगों वाला।

લાંબી (सं.) स्मृति, स्मरण, याद, स्मरण शक्ति, याददाश्त।

લાંબાટુંપી (सं.) अमर्याद भाषण, गाली गुफ्ता, गाली गलौज़।

લાંબીનજર (सं.) दीर्घ दृष्टि, दूर दृष्टि।

लांबुं (सं.) लम्बा, दीर्घ, ऊंचा, दूरका विस्तृत, बडा ।

लांबोविचार (सं.) भविष्यका विचार, दूरदृष्टि, भविष्य दृष्टि ।

લાંબુકાઢવું (क्रि.) बहुतजीना, बहुत वर्ष जीना ।

લાંબું થઈજવું (क्रि.) मरजाना, जमीनपर सोजाना, ऊंची वस्तु लेनेके लिये पैरोंकी अंगुलियोंके बल ऊंचे हाथ करके खडे होना, व्यापारमें बहुत हानि होना ।

લાંબીસેખણે લખવું (क्रि.) शक्तिसे अधिक कार्य्य करना ।

લાંબાજોડે ટુંકોજાય-મરેનહી તો માંદોથાય=देखा देखी साधे जोग, मरेनही तो व्यापे रोग, बडेकी बराबरी नहीं करना ।

લાંબીખેચવી (क्रि.) मरजाना ।

લાંબીછેલ્લાઉંઘ (सं.) मौत, मृत्यु, कज़ा । [करना ।

લાંબીફાળ ભરવી (क्रि.) हिम्मत

લાંબીસોડે સુંવું (क्रि.) मरना ।

લાંબીખેંચવુ (क्रि.) ढील करना, अधिक जीना ।

લાંબું પિંગળ કરવું (क्रि.) बढा-बढाकर कहना, आतिशयोक्ति कथन ।

લાંબેપાટે સુંવું (क्रि.) दिवाला निकालना, मरण तुल्य होना, अत्यंत दुर्दशामें होना, अत्यंत हानिमें आना ।

લાંબે સાથરે સુંવું (क्रि.) दूर-दृष्टि रखकर इस तरहका कार्य करना जिससे ठोकर भी न खाना पड़े । मृत्यु होना ।

લાંબો હાથ કરવું (क्रि.) रिश्वत लेना, मदद करना, हाथ डालना, हस्त क्षेप करना, बाधा डालना ।

લાંબુકરવુ (क्रि.) लंबा करना, पीटना, धुनना, ठोकना । [नसीब ।

લાંભવું (क्रि.) किस्मत, प्रारब्ध,

લાણું (स.) पूर्ववत् ।

લા० (सं.) " लिखतम् लिखी " का छोटारूप ।

લાઈ-હી (सं.) लेही, गेहूंके आटे या मैदाका बनायाहुवा चिपकानेका पदार्थ, ल्याही, अवलेही ।

લાઈલાજ वि.) निरुपाय, लाचार उपायशून्य ।

લાઉલશ્કર (सं.) फौजफांटा,सैन्य ।

લાઓલાદ (वि.) पुत्रहीन,निपुत्र, बांझ (स्त्री), निस्संतान ।

લાએક (वि.) योग्य लायक ।

લાકડ (सं.) लक्कड, काष्ट, काठ, बळीता, काठी, जळानेका काठ,

ईंधन (वि.) लकड़ीका, लकड़-
काबना ।

લાકડકુકડ (सं.) लकड़ीके टुकड़े
इत्यादि फरनीचर, काठकबाड़ ।

લાકડસાઈ-ડી (सं.) एकप्रकारकी
मिठाई, एकप्रकार के बेसनके
लड्डू (कठोर)

લાકડાંવાળો (सं.) लकड़ीबेचने-
वाला, कठियारा, ईंधनबेचनेवाला ।

લાકડી (सं.) लकड़ी, छड़ी, सोटी,
कमड़ी, कमची, आधार, आश्रय,
टेका ।

લાકડીલેવી (क्रि) लकड़ी उठाना,
मारनेके लिये लकड़ी लेना,
बुढापाआना । [कष्ट देना ।

લાકડીકરવી (कि.) तंग करना,

લાકડું (सं.) लकड़, शहतीर,
म्याल, तीर, ईंधर, काठ, इमा-
रतीलकड़ी । [परवाह न करना ।

લાકડઅકાપવા (क्रि.) नागिनना,

લાકડા લડાવવા (क्रि.) झूंटीसची
भिडाकर लड़ाई कराना ।

લાકડાં સંકોરવાં (क्रि.) उत्तेजना
देना, उसकान, उकसाना, पुण्य
कार्य् करना । [नेका तरीका ।

લાકડાનીતરવાર (सं.) काम धका-

લાકડાંમાં પૈસા મળવાના નથી
खोजानेपर मिलना कठिन है ।

લાકડીએ પાણી સિંચવું (क्रि.)
असंभव कार्य करना, जो जिसका
काम हो उसे न देकर किसी दूसरे
को देना ।

લાકડું ઘાલવું (क्रि.) बाधा डालना,
चलते हुए कार्यमें अपना स्वार्थ
साधन करना ।

લાકડું પેસવું (क्रि.) खलल होना
रोकहोना, बाधाउपस्थित होना ।

લાકડે માકડું વળગાડવું (क्रि.)
दोनोंमें जूता चलवाना, दोजनोंको
लड़ाना ।

લાક્ષણિક (वि.) लक्षणयुक्त, लक्षण-
वृत्तिसे कथित अर्थ अलंकारिक,
स्वभाव दर्शक, सांकेतिक, बोधक
व्यंजक, सूचक, ज्ञापक ।

લાક્ષા (सं.) लाह, जतु, लाख,
एक प्रकारका पेड़का गोंद जो
आग लगानेसे पिघलकर जल
उठता है इसकी चूड़ियांभी बनती
हैं, जिन्हें स्त्रियां धारण करती हैं ।

લાખ (सं.) पूर्ववत्, चपड़ी (वि.)
संख्या विशेष, सौ हजार, (सं.)
एक प्रकारका जीव जिसके सूखने
पर उसमेंसे लालरंग निकाला
जाता है पहिले समयकी स्त्रियां
मेंहदीकी जगह उसीसे अपने
हाथ पैर रंगा करतीथीं ।

લાખરૂપિયાનું માણસ (सं) भला आदमी, सज्जन, विश्वस्त पुरुष, भद्रजन ।

લાખરૂપિયાનીવાત (सं.) बडीही अच्छीबात, नेकसलाह, लाभप्रद कार्य ।

લાખાવણજારો (सं.) लाखों रुपयोंका लेनदेन करने वाला मनुष्य।

લાખજાજો પણ શાખનજાશો=इज्जत जानेकी अपेक्षा धनका चलाजाना अच्छा अपमानसे मरण उत्तम है ।

લાખના તુટયા કોડીએ સંધાયનહીં= समुद्रको एक बूंदसे नहीं भराजा सकता ।

લાખટકાનું-રૂપિયાનું (वि.) उत्तम बहुमूल्य, लाभप्रद, अलभ्य ।

લાખ પંચોતરી (सं.) मिथ्या कथन, अति-शयवर्णन, ऊपरी भड़क, आडंबर ।

લાખનો પાલન હાર (सं.) राजा अमीर, दानी परमात्म देव ।

લાખ વાતની એક વાત (अ.) सारांशकि, तात्पर्यकि, गरज़ेकि, संक्षिप्तमें, सौबातोंकी एक बात, थोड़े शब्दोंमें ।

લાખ સેંવાના કરવા (क्रि.) शर मिंदा करके अनेक तरहसे समझाना ।

લાખવું (क्रि.) डालना, गेरना, पटकना, मिट्टीके पात्रपर चपड़ी करना ।

લાખિયું (सं.) लाखकी चूड़ी, स्त्रियां चूड़ियोंके आगे इसे पहिनती हैं । (वि.) लाखका, लाहयुक्त, चपड़ीदार ।

લાખું (सं.) शरीरके किसी भागपर जन्मका काला चिन्ह, दोष, लांछन, दाग ।

લાખેણું (वि.) प्रतिष्ठित, मानी, इज्जतदार, आबरूवाला, न्यायी, नेक, सज्जन, कीमती, बहुमूल्य, अमूल्य ।

લાખે લેખાં (सं.) लाख रुपयोंका जमाखर्च, असंख्यता, लाखोंसे गणना ।

લાખોટું (वि.) लाख लगाकर चमकदार किया हुआ बरतन, चपड़ी कियाहुवा बरतन ।

લાખોટો (सं.) मुहर चपड़ी किया हुआ पत्र, बन्दलिफाफा ।

લાગ (सं.) योग, दैवी घटना, युक्ति, दांव, चोट प्रसंग, पकड़, दस्ता, बेंटा, हत्था, नक्कू, आंकड़ा, आधार, पाया, मूल ।

લાગઆવવો (सं.) मौका आना, योग आना ।

લાગમાં આવવું (क्रि.) दांवमें आना, पेंचमें आना ।

લાગજવો (क्रि.) अवसर खोना, मौका गंवाना । [सर आना ।

લાગફાવવો (क्रि.) अनुकूल अव-

લાગજોવો (क्रि.) मौका ताकना, योग ढूंढना ।

લાગતફાવવો (क्रि.) निर्धारित कार्यके लिये अवसर साधना ।

લાગ મેળવવો (क्रि.) अनुकूल पड़े बैसाड़ी करना, अनुकूल समय प्राप्त करना ।

લાગલેવો (क्रि.) समयका सदुपयोग करना, आये समयको हाथसे नहीं जाने देना ।

લાગમાંથી ખસવું (क्रि.) किसीके अधिकारमेंसे निकलना ।

લાગટ (अ.) सतत, निरन्तर, अविच्छिन्न, अविश्रान्त, एक मरीखा जारी, चालू ।

લાગટું (सं.) खराब व्यवहार, अनुचित, सम्बन्ध, बुराबर्ताव ।

લાગણી (सं.) दया, करुणा, अनुकंपा, मनोधर्म, चित्तवृत्ति, भाव, ज्ञान, विचार, बोध ।

લાગત (सं.) लगी हुई कल्पित, असली मूल्य, मोल, दाम, मूल्य, महसूल टेक्स, जकात कर ।

લાગતું (वि.) लागू, सम्बन्धी, विषयक ;

લાગતુંવળગતું (वि.) नाते रिश्तेदार, सगा सम्बंधी, बंधुजन, परिजन, कुटुम्बी, नातेदार, बांधव, समीपी (नातेमें) (वि.) देखो લાગતું ।

લાગભાગ(सं.) बांटा, साझा, हिस्सा, सम्बन्धसे हक अथवा हिस्सा ।

લાગલગટ-લાગટ (अ०) फौरन, उसी समय, तुरन्त, जल्दी, ताबड़तोड़ तत्क्षण, तत्काल, साथही साथ ।

લાગલું (अं.) पूर्ववत ।

લાગવું (क्रि.) लगना, स्पर्श होना, छूना, भासना, जानना, मालूम होना, सहना, बीतना, जरूरत होना, बहुत होना, जारी रहना, सुलगना, धधकना ज्ञात होना ।

લાગ્યુ કોડી લેવું (क्रि) सिरपर आई हुई आफत सहन करना, उठाना, सहना ।

લાગેભાગે દીવાળી=लाभ हो या हानि हो मैं तो अपनी मनमानी करूंगा ।

લાગુ (वि.) लगाहुआ, लगने योग्य, जिसका सम्पर्क हो, मिलताहुआ प्रभाव होना, असर होना, (सं.) हक, कर, संबंध।

લાગુ રહેવું (क्रि.) अनुकूल होना, ठीक बैठना, लगा रहना। अनुयायी रहना।

લાગુ થવું-પડવું (क्रि.) पीछा करना, सम्मिलित होना, उचित होना, ठीक बैठना, योग्य ठहरना।

લાગે લાકડાં દાટે युक्तियुक्त कामको करनेसे कठिनभी सहल बन जाता है।

લાગેલું (वि.) लगाहुआ, शरीरके लगाहुआ, इसकसे पुरुष स्त्रीसे या स्त्री पुरुषसे लगी हुई।

લાગો (सं.) अख़्तयार, अधिकार, सत्ता, दावा, हक, प्रभुत्व, सम्बन्ध, कर, टेक्स, पैंठ, जकात, लगान, नाता।

લાગોલાગ (अ.) बराबर, ठीक, चाहिये उतनाही।

લાચાર (वि) विवश, अशक्त, निरुपाय, निराश, गरीब, पामर, हीन। [दीनता।

લાચારી (सं.) विवशता, नैराश्य,

લાછ્ (सं.) रोग विशेषमें (अजीर्णमें) नींमके पत्तोंको छाछमें मिलाकर हथेली और तलुए पर फेरी जानेवाली औषधि विशेष।

લાછો (सं.) रेशमकी बड़ी आंटी, लच्छा, गुच्छा, रेशमका सूत्र समूह।

લાજ (सं.) लज्जा, शरम, संकोच, व्रीड़ा, त्रपा शर्म, हया, अदब, मर्यादा, इज्जत, टेक, मान, आबरू।

લાજ લાગવી (क्रि.) लज्जा आना, संकोच होना, शर्म आना।

લાજ રાખવી (क्रि.) अदब करना, मान रखना, संकोच रखना।

લાજમ (वि.) उचित, योग्य, मुनासिब, उपयुक्त, लायक।

લાજ મર્યાદા (सं.) संकोच और विनय, मर्यादा और शील, मान और लज्जा।

લાજવાળું (वि.) नम्र, सुशील, विनयी, लज्जाशील, शरमदार, लज्जालु।

લાજવું (क्रि.) शरमाना, लजाना, संकोच करना, नीचा देखना, झेंपना।

લાજ (सं.) चावलोंकी खीली, सेककर फुलाये हुए चावल, चावलोंकी धानी, लावा, खीला, खोई, चावलका लावा।

લાજાળી (सं.) देखो લજામણી।

લાજિમ (वि.) देखो લાજમ।

લાજણી (सं.) देखो લજામણી।

લાજાળું (सं.) पूर्ववत् (वि.) देखो લાજવાળું।

લાજુલાડી (सं.) देखो લજામણી।

લાટ-ઠ (सं.) प्राचीन कालमें एक प्रदेश विशेष सूत कातनेकी मशीनका धुरा विशेष, गाडीका धुरा, तेल निकालनेकी घानीका ऊंचा खड़ा हुआ लकड़, लकडी डण्डा, सोटा, लठ, लहर, तरंग, हिस्सा, भाग्य।

લાટબંધ (अ.) अधिक परिमाणमें विशेष रूपमें, जत्थेमें।

લાટાનુપ્રાસ (सं.) एक प्रकारका शब्दालंकार, वाक्यमें बारबार उसी शब्द या अक्षरकी वही अथवा दूसरा अर्थ बताते हुए पुनरुक्ति, यमक।

લાટી (सं.) जहां जलानेका काष्ट बिकताहै, लकड़ियोंको टाल, कबाड़ा।

લાઠી (सं.) देखो લાકડી, मोटी लकडी बडा डण्डा, लठिया, लकडी।

લાડ (सं.) प्यार, प्रेम, दुलार, मोद।

લાડકોડાવવાં (क्रि.) खिलाना, मनोरंजन करना, प्रेम प्रदर्शन करना, दुलारना। [विशेष।

લાડ (वि.) वैश्योंकी एक जाति,

લાડકડું-કું-વાયું (वि.) प्यारा, दुलारा, लाड़ला, प्रिय।

લાડકાલાડુ (सं.) यज्ञोपवीत अथवा विवाह संस्कार आदिमें नातेरिस्तेदारोंकी तरफसे जो मिठाई के लिये नकद दाम जो वर कन्या को भेट होते हैं।

લાડકું (वि.) देखो લાડકડું।

લાડઘેલું (वि.) लाडके कारण उन्मत्त, लाड़प्यारसे बिगड़ाहुआ।

લાડસઘેલું (वि) पूर्ववत्।

લાડલડાવવું (क्रि.) प्रेम करना, दुलारना, प्रीति पूर्वक खिलाना।

લાડલી (सं.) लाड़में रखीहुई, प्यारी, दुलारी।

લાડવાયું (वि.) देखो લાડકું।

લાડવું (क्रि.) प्यारकरना दुलारना।

લાડવો (सं.) लड्डू; मोदक, मिष्टान्न विशेष।

લાડી (सं.) प्यारी, लाडली, दुलहिन, नववधू, बहू, कन्या ।
લાડીલે-ડીલો (वि.) प्यारमें बिगड़ाहुआ लडका या पुरुष ।
લાડુ (सं.) लड्डू, मिठाई विशेष मोदक, लाभ, फायदा, अंगियापर रेशमु किनारीकी गोलाकृति ।
લાડો (सं.) वर, बींद, दुलहा, लाड़ा, प्यारा, नौसा, अनेक प्रकारके सांसारिक सुखभोगनेवाला पुरुष ।
લાણી (सं.) काटनी (फसल), गीत गानेवाली स्त्रियोंको पुरस्कार विशेष ।
લાત (सं.) पदाघात, पैरकामार, ठोकर, चोट, किक ।
લાતખાવી (क्रि.) ठोकर सहना, सहन करना ।
લાતમારવી (क्रि.) ठोकर मारना, ठगना, हानी पहुंचाना, धिक्करना
લાતી (सं.) कोठी, फेक्टरी, गोदाम स्टोर, भंडार कोशागार ।
લાદ (सं. लीद, हाथी घोडे और, गदंभ आदि पशुओंकी विष्टा ।
લાદવું (क्रि.) भरना, बोझना, भारभरना, लादना ।
લાદી (सं.) फर्शबंधी, भूमिपर जमाये हुए समान पत्थर ।
લાધવું (क्रि.) भार लादना, बजन रखना, होना, उत्पन्न होना, तैरते हुए जलयानका पानी थोड़ा होनेकी जगह भूमिमें लगजाना, टकराना, ठहराना, हाथ लगना ।
લાનત (सं.) धिक्कार, शर्म अपमान, गैरत । [धौल, तमाचा ।
લાપટ (सं.) थप्पड़, चपत,
લાપડું (वि.) ढीला, लचपचा ।
લાપન (सं.) रचनाका पदच्छेद करके समझाना, अर्थका ज्ञान करना, रचना ।
લાપસી-ખસી (सं.) सिका हुआ आटा जिसमें घी और शक्कर मिला हुआ हो, मिष्टान्न विशेष, कसार, लापसी, कम घीका पतला हलुवा, थूली ।
લાપી (सं) काच जमानेका मसाला विशेष, तेल और सफेदेका मिश्रण ।
લાપોટ (सं) देखो લાપટ ।
લાફિયું (सं) ऐसा गुमड़ा (फोड़ा) जिससे गाल सूज आवे ।
લાફાલાફ (सं.) फुजूल खर्ची, बरबादी, अपरिमित व्यय, उड़ाऊपना ।

લાહાવેદ્ય (સં.) पूर्ववत्।
લાડો (સં) अतिव्ययी, फुजूल खर्च करने वाला व्यक्ति, द्वारया खिड़की बन्द रखनेके लिये आड़ी लकड़ी, रोक, आड़ आगल।
લાખડી (સં.) देखो लावरी।
લાખરૂં (वि.) नाजुक, सुकुमार, कोमल।
લાબુ (સં.) पत्ता विशेष।
લાભ (સં.) प्राप्ति, नफा, मुनाफा, फायदा, पाना मिलना, सूद।
લાભ આપવો (क्रि.) बदला देना, लाभ देना।
લાભ લેવો (क्रि.) मुनाफा, उठाना, फायदा उठाना। [लाभप्रद।
લાભકારી (वि.) फायदे मन्द,
લાભપાચમ (સં) कार्तिक शुक्ला पंचमी, सौभाग्य पंचमी।
લાભવું (क्रि) फायदा होना, मिलना, लाभ होना, प्राप्त होना।
લાભાલાભ (સં) हानिलाभ, नफा नुकसान, फिजूल खर्चा, अपव्ययता।
લાભેઊલાભ (સં.) गणना करते समय शुभवाक्य रूपमें एकके लिये यह वचन प्रयोग कहते हैं। रामा हैजी रामा है। बरकतकी बरकत।
લાભણુ દીવો (સં.) एक प्रकारका दीपक जिसे विवाह समय लड़केकी माता अपने हाथमें लेकर सब स्त्रियोंके आगे आगे चलती है।
લાય (સં.) आगकी लपट, ज्वाला, लौ, एक प्रकारका रेशमी वस्त्र, चादना।
લાયક (वि.) योग्य उचित, मुनासिब, पात्र, काबिल, उपयुक्त। घटित, तदनुसार। शक्ति संपन्न।
લાયકી (સં.) योग्यता, काब्लियत, औचित्य, शक्ति, गुण।
લાયકી વાળું (वि.) विनयी, नम्र, सुशील, सुपात्र सुयोग्य।
લાયરી (સં.) शेखी, गर्व, दंभ, घमण्ड, अकड़, अहंकार, आत्मश्लाघा, हेकड़ी, बड़ाई।
લાયબેપા (સં.) कठिनाई, दिक्कत। [कठिनतासे।
લાય લેપાઈથી (अ.) मुश्किलसे,
લાર (સં.) कतार पंक्ति, लाईन।
લારી(સં.) टक्का गाड़ी, ठेला गाड़ी।
લાડું (સં.) कंटीली झाड़ी, झांखड़, जंजाल, झोला, जाला. समुदाय, झुंड।

લારે (અ.) पीछे, साथ, संग, लगाहुआ।

લારો–આ (सं.) धधकता हुआ अंगारा, अंगारा (आगका)।

લાલ (सं.) रंगीला, बांका, इश्की, छैल, लाल रंगका पक्षी विशेष, गोसाईंजीका लड़का। रत्नविशेष, मूल्यवान लाल पत्थर, लालमणि, (वि.) रक्तवर्ण, लाल रंगका।

લાલચ (सं.) लोभ, तृष्णा, चाह, इच्छा, अभिलाष, कांक्षा, आकर्षण।

લાલચ કરવી (क्रि.) इच्छा करना, आशा करना, लोभ करना।

લાલચ આપવી (क्रि.) लोभ देना, लुभाना।

લાલચટક (वि.) अत्यंत लाल, खूबसुर्ख, कसूंमेके वर्णका।

લાલચુ (वि.) लोभी, लालची, पेटू।

લાલચોળ (वि.) देखो લાલચટક।

લાલજી (सं.) कृष्णके बाल रूपकी धातु निर्मित मूर्ति, बालकृष्णकी प्रतिमा।

લાલન (सं.) प्रेमपूर्वक पालना, पोसना, पालन करना, पोषण करना।

લાલઆઈ લગાડવી (क्रि.) जलाना, आग लगाना, धिक्कारना।

લાલમલાલ (वि.) गाढ़ेलाल, रक्तवर्णका, चित्त तथा नेत्ररंजक।

લાલસા (सं.) इच्छा, मनोरथ, अभिलाष, तृष्णा, हविस, लोभ।

લાલા (सं.) एक प्रकारका पौधा, पुष्प विशेष, बांका, छैला, अलबेला।

લાલાઈ (सं.) छैलापन, शेखी।

લાલાજી (सं.) देखो લાલા।

લાલાશ (सं.) ललाई, अरुणता।

લાલિત્ય (सं.) सुंदरता, मनोहरता, रमणीयता।

લાલિયો (सं.) भंगी, नीच, शूद्र।

લાલી (सं.) ललाई, सुर्खी, रक्तिमा, घंटीके बीचका लटकन।

લાવ (सं.) देखो લાવો। [લાવણ્ય।

લાવણ્યતા–તાઈ (सं.) नम्रता देखो

લાવણી (सं.) एक प्रकारकी काव्य रचना, छन्दविशेष।

લાવણીપત્રક (सं.) चालू वर्षका आसामीवार लेनेकी सूची।

લાવણ્ય (सं.) सुन्दरता, शरीरकी स्वाभाविक प्रभा जिससे सुन्दरता पैदा होती है, वाणीका माधुर्य्य सफाई।

લાવરી (सं.) एक प्रकारका पक्षी।

લાવરું (सं.) कुत्तेका भूंसना, क्रोधयुक्त शब्दोंका उच्चारण, कुत्तेका गर्जन।

લાવલશ્કર (सं.) फौजफांटा, सैन्य।

લાવવું (क्रि.) लाना, पाससेआना। बन्द करना। [लेना।

લાવી મૂકવું (क्रि.) उचितस्थानसे

લાવું (सं.) अच्छे अवसरपर अपनी जातिके समस्त लोगोंको समान कीमतकी और एकसी वस्तु भेट करना। हर्ष उपलक्षमें सबोंके एकसी वस्तु देना।

લાવો (सं.) इच्छा, वांछा, मनोरथ इच्छित आनंदकारी भोग।

લાસ-શ (सं.) मुर्दा, शव, लोथ, प्रेत, प्राणहीन शरीर।

લાસજવું (क्रि.) खराब होना, नष्ट होना, पैमाल होना, ध्वंश होना।

લાસ (वि.) पहिला, अव्वल, नुकसानमें पड़ा हुआ।

લાસરિયું (वि.) जो अपना कहा पूरा नहीं करे, चंचल, अधीर, बेठिकाना।

લાહ-ય (सं.) आग, अग्नि, शोला, अंगार, चिंगारी। भूख, क्षुधा, कड़ाकेकी भूख रेशमी वस्त्र विशेष।

લાહાણી-ણું (सं.) वस्तुओंका बंटवारा, बायना, लायना।

લાહર (सं.) ठीक, विकल्प।

લાહરિયો (वि.) ढीला आलस्य करने वाला, सुस्त।

લાહાર (सं.) कतार, पांति, पंक्ति।

લાહારો-ઓ (सं.)धधकता अंगार।

લાહી (सं.) लेही, ल्पाई, आटे अथवा मैदाको पानी में पकाकर बनाया हुआ, चिपकना पदार्थ।

લાહે-ય (सं.) देखो લાહ।

લાહેરી (सं.) शेखी, ढोंग, दंभ, पाखंड।

લાળ (सं.) लार, लाळ, राल, मुखका चिकना थूक।

લાળગળવી-પાડવી (क्रि.) लार पड़ना, लार टपकना, मुँह में पानी भरना।

લાળિયું (वि.) जिस के मुखसे लार टपका करती हो। एक प्रकार का कीड़ा। पहिने हुए कपड़े लार सेन बिगड़ने पावें इस लिये बालक के गले में बाँधा हुआ एक कपड़े का टुकड़ा। [कान की लोल।

લાળી (सं.) कानका नीचेका भाग,

લાળો (सं.) आगका धधकता हुआ अंगारा।

લિંડી (सं.) लेंड़ी, चूहा बकरी आदिकी विष्ठा, मेंगन, मेंगनी, कठोरमल।

લિંબડો (सं.) नीम, नीमका पेड़, यह दो प्रकार का होता है कड़वा और मीठा, मीठे नीम के पत्ते कढ़ी में डाले जाते है ।

લિંબુ (सं) निब्बू, नींबू एक प्रकारका खट्टा गुणदायक फळ ।

લિંબુડી (सं.) नींबूका पेड़ ।

લિંબોઇ (सं.) पूर्ववत् ।

લિંબોડી-ળી (सं.) निमोळी, नीमवृक्ष का फळ, एक प्रकार का तांबे का पात्र, स्वर्णाभूषण विशेष।

લિંખિયું (वि.) लीखें निकालने का छोटा कंघा विशेष, जू के अंडों को सिरके बालों में से खींच निकालने का एक प्रकारका कंघा ।

લિંગ (सं.) चिन्ह, निशान, व्याकरण शास्त्र वर्णित पुल्लिंग स्त्रीलिंग और नपुंसकलिंग, महादेवकी गोळ मूर्ति, सूक्ष्मता, सूक्ष्मदेहत्व, पुरुष की मूत्रेंद्रिय, लंड, लौड़ा ।

લિંગદેહ (सं.) जीवात्माका सूक्ष्म शरीर, इस पार्थिव स्थूल शरीर से निकलकर जीव जिस शरीर में प्रविष्ट होता है वह शरीर, दश इंद्रिय पाँच प्राण मन और बुद्धि इनतत्वों से कल्पित जीव का सूक्ष्म शरीर ।

લિંગવાસના (सं.) सैमोगकी इच्छा, मैथुन करने की चाह ।

લિંગાયત-यती (सं.) एक धार्मिक पंथ विशेष, शिवलिंग चिन्ह धारी सम्प्रदाय विशेष ।

લિંટિયું (वि.) जिस के नाक से रात दिन रेंट बहता हो ।

લિથોગ્રાફ (सं.) शिलाछापखाना ।

લિથોગ્રાફી (सं.) शिलापर लिख कर मुद्रण करने की विद्या ।

લિપણ (सं.) लीपने की रीति, वह जो कि लीपा हुआ हो । [पुता ।

લિપ્ત (वि.) लीपा हुआ, लिपा,

લિપ્સા(स)इच्छा, चाह, ख्वाहिश ।

લિપવું (क्रि.) लेपन करना, पोतना, लीपकर बिगाड़ देना ।

લિપિ (स.) लेख, हस्त लेख, हस्ताक्षर, अक्षर, मूळाक्षर, हस्त खत, वर्ण चिन्ह, हुरुफ ।

લિપિધારા (सं.) लिपिका ज्ञान करानें वाळी पुस्तक, स्पेलिंग बुक ।

લિબાસ (सं) देखो લેબાસ

લિમડી-ડો (सं.) नीम, निम्बवृक्ष, नीमकी एक जाति विशेष ।

લિમોચ્છવ (सं.) चैत्र शुक्ला प्रतिपदा के दिन शालिवाहन शक के नये वर्ष के प्रथम दिन नीमका रस पीना महात्म्य में गिना जाता है ।

લિયાકત (सं.) योग्यता, काबलियत, तर्मज, हौसिला, बुद्धि।

લીલછોયું (वि.) नीलता लिये, हरित वर्ण।

લિલઝાંમું (सं.) देखो લિલામું

લિલમ (सं) नीलम, कीमती पत्थर विशेष। [कपाल, पेशानी, मस्तक।

લિલવટ (सं.) ललाट, भाल,

લિલવા (सं.) बीज विशेष।

લિલનેળુ (सं.) एक प्रकारका घास जिसकी डलियाँ (टोकनी) बनती हैं।

લિલવો (सं) स्त्रीकी योनि में अग्र बाहर दिखता हुआ लम्बा गोल चमड़ी का भाग, टना, बीज विशेष। [का पानी, माया।

લિલાંપાણી (स.) हरापानी, भंग

લિલાણુ (सं.) ऐसा मैदान जहाँ हरीघास उगीरहती हो, हरामैदान।

લિલામ (सं) नीलाम, जो अधिक मूल्य दे वहीं मोळले सके ऐसा बेचने का ढंग विशेष।

લિલામું (सं) चकत्ता, चिन्ह, चावकी निशानी, दाग, हराचिन्ह।

લિલાલહેર-લહેર (सं.) पूर्णसुख, पूर्ण आनन्द, महान समृद्धि, परमानन्द।

લિલાવતી (सं.) गणित विशेष, कामातुरा स्त्री, छिनाळ औरत, मस्त स्त्री, चित्त खुली औरत।

લિલારસ્તાર (वि.) मृत, मुर्दा, निर्जीव, अस्वस्थ, रुग्ण।

લિલીઘોડી (सं.) भंग, भाँग, बूटी (पानेकी)

લિલીચાહ-હે (सं.) एक प्रकारकी घास, हरीचाह (पेयपदार्थ)

લિલુંછમ (वि.) गहराहरा, अत्यंत हरा, अतिशय हरितवर्ण।

લિલુંસુકું (सं.) अवनति और उन्नति, (वि.) हरी, (सूखी हुई) कठोरवस्तु, बुरे भले होनेका।

લિલોકાળ (सं.) अति वृष्टि के कारण दुर्भिक्ष, पनिया काळ।

લિલોતરી-ત્રી (सं.) पृथ्वीपर हरे पौदे, वृक्ष आदि, साक भाजी। हरी तरकारी।

લિલોમેવો (सं.) हरा मेवा, ऐसे फलजो सूखे नहीं, हरेफल।

લિસોટી (सं.) छोटीलकीर, छेकने कीलकीर, टिक मार्क।

લિસોટો (सं.) बड़ी लकीर, छेका।

લિસ્ટ (सं.) सूची, अनुक्रमणिका, टीप, याद।

લીંટ (सं.) रेंट, रींट, नाकका बहाव ।

લીંપણ (सं.) देखो લિંપ

લીંપવું (क्रि.) देखो લિંપવું

લીક (सं.) रेखा, चिन्ह, पगडण्डी, लकीर, हद ।

લીખ (सं.) सिर के बालों की छोटी जूँ, जूँ नामक जीव के अण्डे ।

લીટ (सं.) देखो લીંટ

લીટી (सं.) लाइन, सतर, रेखा, लकीर पंक्ति, पंगत, पाँति, चरण (काव्य) चवन्नी का सांकेतिक शब्द, पाव रुपया ।

લીટી ખેંચવી (क्रि.) लकीर खींचना, रद्द करना, हद ठहरना, निश्चय करना ।

લીટીદોરવી (क्रि.) पूर्ववत् ।

લીટો (सं.) बड़ी लकीर, लम्बी मोटी रेखा ।

લીંડી–લીંડી (सं.) मेंगन, मेंगनी, शुष्क विष्टा, बकरी चूहे आदिकी विष्टा ।

લીંડીપીંપર (सं.) लम्बी पीपल, औषधि विशेष, छोटी पीपल ।

લીંડું–લીંડું (सं.) विष्टा, कठोर मल, कुत्ता गधे इ० का गू ।

લીદ (सं.) देखो લાદ

લીધું (वि.) किया, प्राप्त किया, हासिल ।

લીધે (अ०) लिये, अतः, अतएव, एतदर्थ, इस लिये, इसवास्ते, इस कारण ।

લીન (वि.) तन्मय, तत्पर, आसक्त, डूबा हुआ, मग्न । [विशेष ।

લીંબુ (सं.) निम्बू, नीबू, फल

લીમ–ડો (सं.) देखो લિંબડો

લીમડે લટકવું (क्रि.) अधर गति पाना ।

લીલ (सं.) काई, सिवार, पानी की हरी हरी रपटनी कीचड़, कर्दम ।

લીલપરણવી (क्रि.) पहिली लड़की को मरे एक वर्षभी नहीं हुआ हो और इसी बीच दूसरा विवाह करना ।

લીલવાળવી (क्रि.) धूलधानी करना, बिगाड़ डालना, खराब करना ।

લીલકંઠ (सं.) चाष पक्षी, नील कंठ नामक पक्षी, पक्षी विशेष, शिव, महादेव । [बेहया ।

લીલજ (वि.) निर्लज्ज, बेशर्म,

લીલજેવો (सं.) निर्लज्जता, बेशर्मी । [इत्यादि ।

લીલવણ (सं.) हरीशाक तरकारी

લીલપણ (सं.) बचपन, लड़कपन, बाल्यावस्था, शैशवकाल।

લીલા (सं.) क्रीड़ा, विहार, खेल, कौतुक, विनोद, तमाशा, ठाठ, सूर्यो, अवतार, अवतारों के कार्य, विलास बुद्धि. अनुकरण।

લીલાવસ્તારી (सं.) मरगये, काल-महो गये, लीला संवरण।

લીલાલ્હેર (सं.) देखो લિલાલહેર

લીલીપીઠ (सं.) शाक बजार, भाजी बाजार, वह बाजार जहाँ शाक भाजी बिकता है।

લીલુ (वि.) हरा हरित, भीगा, गीला, तर, ताजा, सरस, रसीला।

લીલુ કરવું (क्रि.) नयाकरना, उबालना। [हरा।

લીલુંછમ (वि.) हराकच, बहुत

લીલાઆડતબેણુંબેઅરે એવું आळसी, सुस्त, काहिल, परमुखापेक्षो।

લીલાંપાણી (सं.) भग, भँाग, माया।

લીલા સુકાનો વિચાર (सं.) जिसे लाभालाभ, धर्माधर्म मान मर्य्यादा आदिका ध्यान न हो।

લીલીઘોડી (सं.) हरीभंग, भांग, माया, मादक पदार्थ, नशेदार वनस्पति।

લીલી લેખણ (सं.) कलाकरना, लाभ कारबार।

લીલીવાડી (सं.) जवानी, यौवना-वस्था, तारुण्य।[लाभ करना।

લીલુ કરવું (क्रि.) अच्छा करना,

લીલુંપડપણું (सं.)शौकीन बुढापा।

લીલું પીળું થઇ જવું (क्रि.) क्रुद्ध होना, बड़ा भारी गुस्सा करना।

લીલું વાળવું (क्रि.) फायदाकरना

લીલે તોરણે (अं०) आये वैसे ही, निष्फलता युक्त।

લીલો દુકાળ (सं.) अति वृष्टिज-नित दुर्भिक्ष, पनियाकाल

લીસુ (वि.) चिकना, स्वच्छ, साफ, .चेपदार, कोमळ, मीठा, मधुर, गप्पी, अविश्वस्त।

લીહ–ડી (सं.) लाइन, रेखा, लकीर, सीमा, हद्द, हद।

લુંગી (सं.) वह वस्त्र जिसे नापित क्षौर कारके समय गोदीमें बिछाता है। हजामत बनवाते समय, वह कपड़ा जिसे नाई गोद में बिछाता है।

લુંચી (सं.) पीछे लौटना।

લુંટ (सं.) लूट, अपहरण, अप-हार, डकैती, डाका, चोरी।

લુંટવું (क्रि.) देखो लुटवुं ।
લુંટણિયો (स.) डाकू, ठग, चोर लुटेरा ।
લુંડ (स) पति, स्वामी, धनी, खसम (वि.) भारी, जबर बलवान ।
લુંઠો (स.) पूर्ववत् ।
લુંડી (सं.) लौंडा, दासी, बांदी, सेवक (स्त्री) गृहकार्य के लिये मोलली हुई (स्त्री) [पिण्ड ।
લુંદો (स.) लौंदा, लला, घोघा,
લુંબ (स.) झब्बा, गुच्छा, झुमका लूम ।
લુપ્ (स) आटेका गोला विशेष, लू।
લુઓ (सं.) गेहू या बाजरा के आटे का बनाया हुआ गोला विशष, लोआ, और की छाती ।
લુક–બ (सं.) गरम हवाका झोंका ल, लूलगजाने की बीमारी ।
લુખરી લુખસ (सं.) खुजली,खाज, रोग, विशेष । [ह्रांका हुक्का ।
લુખિયું (सं.) एक प्रकारका मि-
લુખ્ખુ–લુખું (वि.) बिना चुपड़ा हुआ, रूखा, शुष्क, रुक्ष, चिकनाई रहित, शाक भाजी बिना भोजन, तेज कांतिहीन मुख, धनहीन, द्रव्य शून्य ।

લુગડાં (सं.) वस्त्र, पोशाक, कपड़े ।
લુગડાલત્તાં (सं.) कपड़ेलत्ते ।
લુગડું (सं.) कपड़ा, वस्त्र, बसन, लूघड़ा, ओढनी, फरिया, चीर, साड़ी, (स्त्रियाका) आच्छादनवस्त्र ।
લુગદી (सं.) गोलागोली, लुग्दी ।
લુગન (सं.) कोष, भण्डार, कि-कशानेी ।
લુચ્ચાઈ (सं.) बदमाशी, कुकर्म, अन्याय, दुराचार दुष्टना ।
લુચ્ચુ (सं.) कुकर्मी, लुच्चा, पाजी, उच्छृखल दुष्ट, चालाक, ठग, छली ।
લુછણિયુ (स.) दुवाल, टावेल तौलिया, साफा, अंगोछा, अग इत्यादि पोंछनेका वस्त्र ।
લુછવું (क्रि.) कपड़ेसे रगड़ मसल कर साफ करना । ठगना, छिपना निकाल देना ।
લુટાટ (सं) तोड़ फोड़ करके लू-टना छीनाझपटी, लूट खसोट । भामधूमकी लूट ।
લુટવું (क्रि.) बलात्कार पूर्वक छीनना, बळ से अपहरण करना, जबरदस्ती से ले लेना । लूटना, ठगना, डाँका मारना, चोरी करना आनंद लेना ।

લુટાઉ (वि.) लूटा हुआ, लूटने योग्य, बिना मालिकका माल।

લુટારો (सं.) लूटनेवाला, लुटेरा ठग।

લુટાલુટ (सं.) इधरउधर लूटमार, निर्भयता पूर्वक लूट खसोट।

લુટાવવું (क्रि.) लुटाना, गँवाना, खोना, उड़ाना, दे देना, बरबाद करना। [के मालमत्ता छीन लेना।

લુટવું લગાડવવું (क्रि.) लूटमार

લુણ (सं.) नमक, लवण, नोन, निमक, खारा, क्षार, खार, उपकार, अहसान, अनुकम्पा।

લુણઉતારવું (क्रि.) राईनोन करना नज़र इत्यादि उतारने के लिये चौराहे की मिट्टी, राई, नमक और मिर्चा रोगी व्यक्ति के सिर पर से उतार के अग्निमें डालना। ककड़ी का अग्र भाग जरा काटकर उस में गड्ढे करके उस काटे हुए भाग से घिसकर झाग पैदा करके उस का पित्त निकालना।

લુણચાં (सं.) ककड़ी में नमक इत्यादि मिलाकर बनाया हुआ पदार्थ विशेष।

લુણ હરામ (वि.) नमक हराम, कृतघ्न, अनुपकारी, नीच, दुष्टात्मा।

લુણ હરામી (सं.) कृतघ्नता, नमक हरामी।

લુણી (सं.) एक प्रकार की हरी भाजी, तरकारी विशेष। शाक विशेष। [से फूट निकलता है।

લુણો (सं.) वह क्षार जो दीवारों

લુણો લાગવો (क्रि.) दीवारों पर क्षार दृष्टि आना।

લુપ્ત (वि.) नष्ट, विध्वस्त, आँखों की ओट, अदर्शन, बीचमें से काटा हुआ (अक्षर, शब्द इत्यादि)

લુપ્તોપમ (सं.) अलंकार विशेष

લુબ્ધ (वि.) लोभी, स्वार्थी, सतृष्ण, तृष्णायुक्त, अभिलाषी, लोलुप, धनार्थी, इच्छु, लंपट।

લુબ્ધક (सं.) शिकारी, व्याध, बहेलिया, मृगयार्थी।

લુબ્ધાવું (क्रि.) लुभाना, मोहित होना, लालचमें पड़ना, तृषित होना। [झुमका।

લુમ-લૂમ (सं.) झब्बा, गुच्छा,

લુમો-ભો (सं.) पूर्ववत्, लाभ। फायदा, मुनाफा। [लौंडी, बाँदी।

લુલરી (सं.) दासी, टहलनी।

લુલી (सं.) जीभ, जिव्हा, जबान।

લુવાણી (सं.) राजपूत जाति विशेष की स्त्री।

लुवाणो। (सं.) राजपूतों की एक जाति विशेष। [निर्बल।

लुलुं (वि.) लंगड़ा, लूला, पंगु,

लुवार (सं.) लोहेका काम करने वाले लोग, लोहकार, लुहार, लोहार, जाति विशेष, पक्षीविशेष।

लुवो (सं.) देखो लुओ। [खाना।

लुस लुस (अ०) जल्दी जल्दी में

लुस (वि.) थका, श्रमित, श्रान्त, ढीला।

लू (सं.) गरम वायुका झोंका, ग्रीष्म ऋतुकी तप्त हवा। लू से आया हुआ ज्वर।

लूट (सं.) चोरी, अपहरण, अपहार, डकैती, डांका,।

लूटवुं (क्रि.) उलट पुलट करना, गड़बड़ करना।

लूण (सं.) देखो लुण।

लूली (सं.) देखो लुली।

लूलुं (वि.) देखो लुलुं।[पत्तो।

लूलुपता (सं.) खुशामद, लल्लो-

लेंकवुं (क्रि.) लटकना, टंगना, झूलना। [लाना।

लेंकावबुं (क्रि.) (स्वर) मि-

लेंको (सं.) लटक, लचकनेकी रीति।

लेघावुं (क्रि-) कुछ लंगड़ाना, लचककर चलना, लंगड़ाकर चलना। [लचेका।

लेंघी (सं.) छोटा पजामा (ब-

लेंघो (सं.) बड़ा पायजामा, सूथन सूथना, पजामा।

लेंची (सं.) गेहूं की पतली रोटी, चपाती, फुलका, एक प्रकार की अच्छी रोटी।

ले (सं.) देखो लेह [मगर।

लेकीन (अ०) परन्तु, पर, किंतु,.

लेख (सं.) लिखन, लिखित, प्रबंध लिखतंग, रचना, लिखावट, करार भाग्य, किस्मत, हस्ताक्षर।

लेखक (सं.) लिखनेवाला मनुष्य, लिपिकर, ग्रंथकर्ता, नकल नवीस।

लेखणु-णी (सं.) कलम, लिखने का साधन।[लिखावट, लिखना।

लेखन (सं.) लिपि, लिखाई,

लेखनकळा (सं.) लिखनेकी विद्या, लिपि विद्या।

लेखन पद्धति (सं.) लिखनेका ढंग, लिखनेकी रीति।

लेखपत्र (सं.) इकरारनामा, दस्तावेज, पतिज्ञापत्र, हस्तलेख।

લેખ પ્રમાણ (सं.) लिखा हुआ सुबूत, लिपिबद्ध प्रमाण ।

લેખવવું-વું (क्रि.) गिनना, मानना समझना, परवाह करना, हिसाब में लेना, लेखा करना । [पंक्ति ।

લેખા (सं.) रेखा, सतर, लकीर,

લેખા વઠિયો (सं.) गणित, वेत्ता, गणक, हिसाबी, गणितज्ञ ।

લેખિની (सं.) कलम, पेन ।

લેખું (सं.) गिनती, हिसाब, लेखा प्रमाण, लेख, लिखित ।

લેખે (अ०) हिसाबसे, रीति से, प्रमाणपूर्वक, अनुसार, में, पर, से, ओर ।

લેખે લાગવું (क्रि.) हिसाब में आना, गिनती में आना, काम में आना ।

લેજત-ઝત (सं.) देखो લેહેજત

લેજે (सं) देखो લેહેજે

લેજમ (सं.) एक प्रकारका जंजीर युक्त धनुष जो कसरतियों की कसरत के काम में आता है ।

લેટવું (क्रि.) लेटना, सोना, शयन करना, आराम करना, विश्राम लेना, सूतना, सीधे सोजाना ।

લેણ (सं.) लेना, लेने योग्य, उधार कर्ज (दिया हुआ लेना) गिल्ली डण्डे के खेलमें एक प्रकारका दाव । (वि.) लेनेवाला ।

લેણદેણ (अ०) व्यवहार, व्यापार ।

લેણદાર (सं.) लेनेवाला, ऋणदिया हुआ वापिस लेनेवाला, देने लेनेका व्यापार करनेवाला ।

લેણદેણી (सं.) लेनदेन, व्यवहार, व्यापार, ऋणानुबंध, प्रीतिभाव ।

લેણિયાત (सं.) मांगनेवाला, कर्ज देनेवाला, साहूकार ।

લેણું (सं.) लेना, ऋणदिया हुआ द्रव्य पीछा लौटाना, सुख कारक सम्बन्ध प्रीति, गणना ।

લેપ (सं. पोतनेकी वस्तु, मरहम, मल्हम, बोपड, पलस्तर ।

લેપડી (सं.) दरदपर बांधनेकी किसी वस्तुकी लुगदी, पुल्टिस ।

લેપન (सं.) लेप करना, पोतना, चुपड़न पलस्तर करना ।

લેપવું (क्रि.) लेपना, पोतना, चुपड़ना, लेपन करना, ढांकना ।

લેદી (सं.) लथाहुआ कीचड़, लिपटी हुई कीच, (पैरों या जूतो इ. का)

લેબાસ (सं.) पहिरावा, पोशाक, लिबास, पहिनने ओढनेका ढंग ।

લેભાગુ (वि.) इधरउधरसे छुटा-कर अपना कहकर बताने वाला, दौड़ धूप करनेवाला, लेकर भाग जानेवाला ।

લેમેલ (सं.) मृत्युकी तय्यारी, पृथ्वीपर उतार लेना, जिसके प्राण निकलनेकी तय्यारी होती है उसे चारपाई परसे भूमिपर उतारना, जल्दी तय्यारी । [फलोंका गुच्छा ।

લેરખું (सं.) वृक्षपर लटकते हुए

લેલાટ-વટ (सं.) कपाल, खोपड़ी, माथा, भाळ, ललाट ।

લેલાડ (सं.) पूर्ववत् ।

લેલાર (वि.) बहुत, अधिक, अ-तिशय, विशेष, अत्यंत । [पक्षी ।

લેલા (सं.) एक जातका नीळा

લેલુટ (वि.) बहुत, पुष्कळ, घना ।

લેલુચ (सं.) जल्दी, उतावळ, शीघ्रता ।

લેલૂર (सं.) देखो लेलार ।

લેલે ભજનું (वि.) दुर्बल, निर्बल, बेहाल । [विशेष ।

લેલો (सं.) एक प्रकारका औज़ार

લેવટા-ટી (सं.) छोटी मछलियां ।

લેવડ (सं.) व्यवहार, सम्बन्ध, लेन देन, दिया हुआ ऋण वसूल करना ।

લેવડદેવડ (सं.) देखो लेणदेण ।

લેવડાઉ (वि.) छिनाल, व्यभि-चारी, लंपट, परपुरुषगामिनी ।

લેવાઈજવું-લેવાવું (क्रि.) शर-माना, झुकजाना नमना ।

લેવાદેવા (सं.) लेन देन, व्यापार, व्यवहार, सम्बन्ध ।

લેવાવું (क्रि.) झेंपना, शरमाना लज्जित होना, अपमान होना, दुर्बल होना, अधिकार में आना ।

લેવું (क्रि.) लेना, ग्रहणकरना, अधिकारमें करना, पकड़ना, प्राप्त करना, स्वीकारना, अन्दरलेना, मिलाना, खाना, पीना, प्राशन करना, खेंचना, भाव ठहराना, गिनना, गणना करना, धारण क-रना, आना, बुलाजाना, हरना, रहित करना, नाश करना, खरी-दना, पास लाना, धमकाना, लि-खना, नोट करना, लेजाना, बो-लना, उच्चारण करना, आरंभ करना, मिलाना । [राना ।

લેઈ બેસવું (क्रि.) लेगड़ना, घब-

લેઈ લેવું (क्रि.) अपनेपास रखना, संग्रह करना ।

લોભાવવુ (क्रि.) लो भायना मुला-लेजाना।
લોને ગઈ પૂતને ખોઈ આવી ખસમ— चौबेजी गये छब्बेजी होने रह गये दुब्बेजी, बेटा लेने गई परंतु खसमको दे आई।
લોનેકુ હકડકડ ને દેનેકુ ધડધડ—लेनेको हां हां और देनेको इतिश्री।
લેવુંદેવું (सं.) લેણદેણ देखो।
લેશ (सं.) अल्प, लघु, थोड़ा, स्वल्प, अत्यल्प, लव, मात्रा, कुछ, (अ.) थोड़ाक, बिलकुलही।
લેશમાત્ર (अ०) थोड़ाही, जरासाही।
લેહ (सं.) चाटना, चटनी प्रीति, लय, ध्यान।
લેહેકાવવું (सं.) बढ़ाना, चढाना, (स्वर)। [हवा, मंद, मंदवायु।
લેહેરી (सं.) हल्की या धीमी
લેહેકો (सं.) चाल, ढंग, हरकत, गति।
લેહેજત (सं.) रस, मज़ा, आनन्द।
લેહેજો (सं.) लव, पल, क्षण, निमेष, लहमा, सेकण्ड।
લેહેણું (सं.) उचित, चाही, ऋण, देय।
લેહેર (वि.) धीमा, मंदवायु।
લેહેલીન (वि.) तल्लीन, तन्मय।
લેહેવાવું (क्रि.) बताना, समझाना।
લેહેવું (क्रि.) मनमें धारना, समझना, जानना, मालूम करना।
લોઈ (सं.) देखो લહિયો।
લોંકડી (सं.) लोमड़ी, लोमा, एक जंगली जानवर विशेष।
લોંઠું (वि.) धनवान, पैसेवाला।
લોંઠો (सं.) हट्टाकट्टा, बलवान, तगड़ा, मजबूत, धनवान, यार, पति, खसम, स्वामी, होसियार, चालाक।
લોંડી (सं) दासी, चाकरी, नौकरनी।
લોંડો (सं.) दास, सेवक, गुलाम, मोल लिया हुआ पुरुष।
લોંડીજાયો (सं.) लौंडीसे उत्पन्न पुत्र, दासीपुत्र।
લોંદો (सं.) पिण्डा, मिट्टी आदिका पिंड़ा, ढेला, लुगदा, लोंधा, पिंडोळा, गोळा, गीले पदार्थकी बड़ी लुगदी। (वि.) ढीला, नर्म।
લોંબરી (सं.) ऊनका बहुमूल्य वस्त्र।
લોક (सं.) भुवन, द्वीप, मनुष्योंका वास स्थान, कौम, प्रजा, जाति, लोग, जन, मनुष्य, खलकत वर्ग, मंडली, जगत, दुनिया।
લોકકથા (सं.) दन्तकथा, गप्पपुराण, जबानी बातचीत, बे प्रमाण बात।

લોકચર્ચા (सं.) बाजारु गप्प, साधारण बात, अफवाह, किम्वदन्ति । [वर्ग (कवितामें) ।
લોકડિયાં (सं.) साधारण लोगोंका
લોકપ્રસિદ્ધ (वि.) विख्यात, मशहूर, प्रगट, जगत् प्रसिद्ध । [प्रिय ।
લોકપ્રિય (वि.) सर्व प्रिय, जगत
લોકપરંપરા (सं.) रूढि, रीति, रस्म, लोकपरंपरा ।
લોકમત-વાણી (सं.) लोगोंके विचार, कहावत, मिसाल ।
લોકરૂઢિ (सं.) लोक व्यवहार, सासारिक बर्ताव, प्रख्यात रीते ।
લોકલાજ (सं.) जनतामें शर्म, संसारकी शर्म, आबरू । [कथा ।
લોકવાયકા (सं.) जनकथा, दंत-
લોક વ્યવહાર (सं.) लोकरूढि, लोकाचार, रीति रिवाज ।
લોકાઈ (सं.) अंतर, वैचित्र्य, भेद, परायापना, अन्यत्व ।
લોકાચાર (सं.) देखो લોકવ્યવહાર।
લોકાપવાદ (सं.) निंदा, बुराई, अपवाद ।
લોકિક (सं.) किसीके मृत्यु समयपर उसके कुटुम्बियोंके साथ शोक प्रदर्शित करनेके लिये जाना ।
લોકાલાકી (अ.) मुंहसे, अफवाही । [वादी ।
લોકાયત (वि.) नास्तिक, अनीश्वर
લોકોત્તર (वि.) साधारण लोगोंके विचारोंसेभी परे, बहुत ऊंच, बहुत सरस, परलोक ।
લોકોપકાર (सं.) कल्याण, दूसरोंकी भलाई, परकल्याण, दूसरोंका उपकार । [विशेष ।
લોખંડ (सं.) लोह, लोहा, धातु
લોખંડી (सं.) लोह निर्म्मित, लोहेका बनाहुआ । [बोबे ।
લોચક (सं.) स्तन, थन, कुच,
લોચ (सं.) अपने हाथों अपने बाल उखाड़ना (जैनधर्म) ।
લોચન (स.) मोचन, उखाड़ना, दूरकरना, नोंचना, छूट, छूटना, आंख, नेत्र, नयन, चक्षु, ज्ञान ।
લોચના (सं.) बेचैनी, व्याकुलता, चांचल्य, निद्रा, तकलीफ, कष्ट, क्लेश । [चाहना, भटकना ।
લોચવું (क्रि.) आतुरता पूर्वक
લોચો (सं.) लुगदा, लुगदा, ढेर, उलटासीधा, गड़बड़, हकलाना, तुतलाना । तकरार ।

લોચાવું (क्रि॰) चिपटना, घबराना।

લોટ (सं.) आटा, चून, चूर्ण, (वि) आटेके समान बारीक।

લોટકો (सं.) मट्टीका बर्तन विशेष।

લોટણ (सं.) एक प्रकारका कबूतर पक्षी, कपोत विशेष, एक पक्षीकी एक जाति। [उलटा सीधा

લોટપોટ (वि.) तळफन, पटकर,

લોટવું (क्रि) लोटना, लुढकना, तड़फना, छटपटाना, पटकना, पटकन खाना, गुलांचखाना, सोना, दुर्व्यसनमें लिप्त होना, नम्रहोना, आधीन होना।

લોટિયો (सं.) बोहरा, मुसलमानोंकी एक जाति विशेष, (वि.) सिरमुंडा हुआ।

લોટી (सं.) पानी पीनेका छोटा पात्र विशेष, छोटा लोटा, लुटिया, चम्बी, गड़वी। [गडवा।

લોટો (सं.) लोटा, पात्र विशेष,

લોઢ (सं.) झुला, हिंडोला, तरंग, लहर, तकरार।

લોઢવું (क्रि.) ओटना (कपास) कपासमेंसे रूई और बिनोले किसी यंत्र विशेष द्वारा निकालना।

લોઢાં (सं.) लोह धातुके औजार।

લોઢાની સડક (सं.) लोहकी पटरी दार सड़क, रेलवे।

લોઢી (सं.) कढ़ाई, लोहका तवा।

લોઢું (सं.) लोह, लोहा, धातु विशेष, उस्तरा, क्षुर, छुरा।

લોથ (वि.) निर्जीव, निस्तेज, खराब, सुस्त, मुर्दा, मूर्ख, शठ, अशक्त, थका, निर्बल, रसहीन, शव, लाश, मृतदेह, ऐसा मनुष्य जिसे उठाना कठिनहो, चार पाई, रथी ठठरी, संगाती। शवयान।

લોથપોથ (वि.) थक करके ढीला पड़ा हुआ।

લોથડી (सं.) भूभळ अर्थात् गर्म राखमें सेककर बनाई हुई रोटी।

લોથવું (क्रि.) छटपटाना, तड़फना।

લોથારી (सं.) लंगर, नाव या जहाजको ठहरानेके लिये वजन युक्त जंजीर।

લોથિયું (वि.) निकम्मा, व्यर्थ, खराब, गयाबीता, निर्जीव, निर्बल

લોદવું (क्रि॰) गूंधना, मोड़ना, सानना, गूंदना।

લોધર (सं.) लोद नामक औषधि, एक वृक्ष विशेष और उसकी छाल, तेल इत्यादि डालकर सेंका हुआ गेहूंका आटा ।

લોપ (सं.) अदृश्य, अदर्शन, नाश, विध्वंश, अगोचर, गुप्त ।

લોપવું (क्रि.) उल्लंघन करना, नमानना, अवज्ञा करना, मिटाना, गायब करना । [दाश्त ।

લોબ (सं.) स्मरणशक्ति, याद॰

લોંબરી (स.) कामली, कम्बल, लोही ।

લોબાન (सं.) सुगन्ध युक्त द्रव्य विशेष जो धूपके लिये जलाया जाता है । एक वृक्षका गोंद विशेष, औषधि विशेष ।

લોભ (सं.) तृष्णा, लालच, इच्छा, ईप्सा, चाह, कांक्षा ।

લોભાવવું (क्रि.) लुभाना, सतृष्ण होना, ललचाना ।

લોભિયુ-ભિષ્ટ, ભી (वि.) लोभी, लालची इच्छुक ।

લોમ (सं.) रोम, रोंआं, रूंगटा, रोंगटा, पश्म, लोम ।

લોમ વિલોમ (वि.) पसद् पसद् युक्त, संकल्प विकल्प वाला ।

લોલ (सं.) गोल चक्करमें दोनों हाथ फैलाकर घूमना, गोल गति ।

લોલક (सं.) झूमका, करन फूल, लटकन । [इप्सु ।

લોલપી (वि.) लालची, लोभी,

લોલણી (सं.) मनोहर बालबाली स्त्री ।

લોલા (सं.) जीभ, जिव्हा, जबान ।

લોલિયું-ળિયું (सं.) बाल, कंघी, गेहुके सर्जकी बालें सिरेया भुट्टे ।

લોલુપ (वि.) मग्न, डूबा हुआ ।

લોવું (क्रि.) देखो लुछवुं ।

લોહ (सं.) लोहा, धातु विशेष, लोंह, लोष्ट सार ।

લોહ કાંત (सं.) लोहके मेळसे बनी हुई औषधि, औषधि विशेष ।

લોહચુંબક (सं.) लोहको आकर्षण करनेवाली धातु विशेष, अयस्कांत । [लोह चूर ।

લોહ ચૂર્ણ (सं.) लोहका चूरा,

લોહ ભસ્મ (सं.) लोहेकी खाक, औषधि विशेष, वंगभस्म ।

લોહર-રિયો (वि.) बहुत मोटा और बलवान मनुष्य, ग्रामीण ।

લોહવું (क्रि.) निर्मल करना, स्वच्छ करना, पोंछना झाड़ना ।

લોહિ ખાણ-ણું (वि.) रक्त सिंचित, खून से लतपत, लोहुलुहान।

લોઢિયું (सं) कड़ाई, लोहेका बना हुआ पात्र विशेष।

લોહિ લોહાણુ (वि.) खूनमें तरोतर, खूनमखून।

લોહી (सं.) रुधिर, शोणित, रक्त, लहू, लोहू, खून, कुळ, सम्बन्ध, वंश, नाता, रिश्ता।

લોહી પડવું (क्रि.) शरीरस्थ किसी इन्द्रियसे, रक्त प्रवाह होना।

લોહી આવવું (क्रि.) शरीरमें नया रक्त उत्पन्न होना।

લોહીનું તરસ્યું (वि.) खूनका प्यासा, रक्तपात करनेके लिये आतुर शत्रु।

લોહી ઉકળવું (क्रि.) क्रोध आना, क्रोधमें जल उठना।

લોહી ઉકળો કરવો (क्रि.) क्रोधमें होना, गरम होना, आवेशमें आना।

લોહી ઉડી જવું (क्रि.) सुर्खी जाती रहना, फीका पड़ना, निस्तेज होना। [जन करना।

લોહી ખાવું (क्रि.) शोकमें भो-

લોહી ઓછું થવું (क्रि.) क्रोध कम होना, सन्तोष होना, गरमी उतारना। [चढ़ना।

લોહી ગરમ થવું (क्रि.) क्रोध

લોહી પીવું (क्रि.) चूसना, कलेजा खाजाना, चित्त हरण करना, सताना। [शक्ति घटना।

લોહી બળવું (क्रि.) चिंतासे

લોહી બાળવું (क्रि.) अति संतापित करना।

લોહીનુ પાણી થવું (क्रि.) खून बिगाड़ना, कम जोरी आना, पसीना बहाकर जीतोड़ मिहनत करना।

લોહીને માંસ એક થવું (क्रि.) अत्यंत कठिन परिश्रम करके शरीरको क्लान्त करडालना।

લોહીનો કોળિયો (सं.) मृत्युके दिनोंमें भोजन करना, शोकके दिनोंमें भोजन करना।

લોળિયું (सं.) स्त्रियोंके कानोंमें पहिननेका एक आभूषण विशेष।

લોળો (सं.) जबान, जिव्हा, जीभ।

લોલ (सं.) देखो **લોઢિયું**।

લોંઠો (सं.) राजाकी खानगी कचहरीमें पहाड़िया दिल्लगीबाज आदमी। विदूषक, मसखरा, हास्यरसवान, भांड, नक्काल, वैहासिक।

લૌકિક (वि.) लोक सम्बन्धी, लोक विषयक, सांसारिक, इस लोकका, इस लोकमें रहने वाला। (सं) कीर्ति. यश, नामवरी, दुनिया दारी, सांसारिक काम काज।

લૌકિકરીતે (अ.) वंश परंपरा रूढिके अनुसार, लोग दिखाऊ ढंगसे, दिखला वटी, जगत रीतिसे।

લ્યાનત (सं.) लानत, धिक्कार।

વ

વ = वर्ण मालाका ४० वां अक्षर, २९ वां व्यंजन। (अ.) और, तथा।

વંશ (सं.) कुळ, परिवार, कुटुम्ब, सन्तति, सन्तान, प्रजा, औलाद, बांस, वृक्ष विशेष।

વંશચરિત્ર (सं.) वंशावली, कुळ, पीढ़ी, पुश्त, वंशपरंपरा। [क्षय।

વંશચ્છેદ (सं.) कुळनाश, प्रजा-

વંશજ (सं.) वंशमें उत्पन्न हुआ, संतान, औलाद, अपत्य।

વંશપત (सं.) कुळ कीर्ति, जिससे कुळ पहिचाना जावे।

વંશપરંપરા (सं.) कुळ क्रमानुगत, कुळ परंपरा, पीढी उतार।

વંશાવલી (सं.) पीढी, वंशोत्पन्न मनुष्योंकी नामावली।

વંશવૃક્ષ (सं.) वंश विस्तार सूचक वृक्षाकार रचना।

વંશી (सं.) वंश सम्बन्धी, कुळ विषयक, मुरली, बांसरी, वेणु वाद्य विशेष, बसरी।

વકર (सं.) भार, वजन, बोझा।

વકરવું-કરીજવું (क्रि.) बांकाहोना तिरछाहोना, छिटकना, फिरजाना, हाथसेजाना, सामनेहोना, फटना, हद्दसे बाहिर होना।

વકરો (सं) बिकरी, बिक्री, रोकड़ वस्तुके विकजानेका मूल्य।

વકારવું (क्रि.) उस्काना, उभारना, दम्पट्टी देना, भड़काना, बढाना।

વકાલત (सं.) वकीलका धन्धा।

વકાલતનામું (सं.) वकीलपत्र, मुख्त्यारनामा, वकीलको अपना मुकद्दमा सौंपनेका अधिकारपत्र।

વકાસ (सं.) प्रकाश उद्भेद, स्फुटरहः, अवकाश, खिलना।

વકાસવું (क्रि.) जंभाई लेना, अंगड़ाईतोड़ना, अमुहाई लेना, मुखफाड़ना, छटपटाना, खिलना, खुलना, प्रकाशितहोना।

વકિલાત (सं.) देखो વકાલત।

વકી (सं.) आशा, उम्मेद, आस।

વકીલ (सं.) एलची, प्रतिनिधि, दूत, अपनी ओरसे जिसे काम करनेका अधिकार दिया गया हो प्रोक्टर, पंच, गुमास्ता, एजण्ट, मुख्त्यार ।

વકીલાત (सं.) देखो વકાલત आढत, एजन्टी, दलाली।

વકુફ-ન (सं.) समझ, अक्ल, ज्ञान, वाकफ़ियत, सावधानी, मति।

વકુફો (सं.) पूर्ववत् ।

વકુફદાર (वि.) बुद्धिमान, चतुर, दक्ष, प्रवीण, सावधान, होशियार ।

વક્કર (वि.) जोरावर, बलवान, तोफानी, वजन, भार, बोझ ढंग, योग्यता ।

વકતા (वि.) बोलनेवाला, कहनेवाला, व्याख्याता, लेक्चरार, कथक्कड़ । [नेका ढंग, भाषण ।

વકતૃત્વ (सं.) वाक्चातुर्य्य, बोल-

વક્ત્ર (सं.) मुख, वदन, मुहं, मोंढ़ा, आनन ।

વક્ત્રારવિંદ (सं.) मुखकमल, कमलके तुल्य मुहं ।

વક્ર (वि.) टेढा, आढ़ा, तिरछा, बांका, क्रूर, (ग्रहादि)

વક્રગતિ (सं.) टेढ़ीचाल, उलटीगति

વક્રચંચુ (सं.) तोता, पक्षी विशेष।

વક્રતા (सं.) टिढाई, बांक, क्रूरता ।

વક્રતુંડ-મુખ (सं.) टेढ़ेमुहंवाला, गणेश, गणपति, तोता पक्षी ।

વક્રદ્રષ્ટિ (सं.) टेढ़ी नजर, तिरछी, निगाह, द्वेषीविचार, कुढ़न ।

વક્રી (वि.) बांकी गतिवाला, ग्रह विशेषकी गति विशेष, वक्रदृष्टिसे देखनेवाला ।

વક્રોક્તિ (सं.) अलंकार विशेष, कुटिलोक्ति, काकूक्ति, टेढावचन, शब्दालंकार भेद ।

વક્ષસ્થલ (सं.) सीना, छाती, हृदय, उरस्थल, कलेजा ।

વક્ષ્યમાણ (वि.) जो कहाजावेगा, कथन योग्य, भविष्यमें जो कहा जावे, कथनीय विषय ।[हलाहल ।

વખ (सं.) विष, जहर, गरल,

વખવખ (स.) अत्यंत भूख, क्षुधा ।

વખણાવું (क्रि.) प्रशंसितहोना, स्तुत्त बनना, कहाना ।

વખત (सं.) समय, काल, अवसर ऋतु, इतिष्मक, मौका, वेला, प्रसंग, योग, अवतार, वद किस्मती, संकट, विपत्ति, फुरसत, गिल्ली डण्डेके खेलमें एक दाव, देर ।

વખતોવખત (अ.) किसीभी समय, अनिश्चित समयपर ।

વખતસર (वि.) समयपर, निर्दिष्ट समयमें, उचित प्रसंगपर, ऋतुमें, कदाचित् ।

વખતે-વખતે (अ.) मौकेव मौके, समय समयपर, यथा समये, बार बार ।

વખતોવખત (अ.) पूर्ववत् ।

વખવખવું (क्रि.) प्यासे होना, छटपटाना, तड़फड़ाना ।

વખવાદ (सं.) झगड़ा, विवाद, बकबक, टण्टा, बोल चाल ।

વખાણ (सं.) तारीफ, स्तुति, गुण गाथा, प्रशंसा, शाबासी ।

વખાણવું (क्रि.) तारीफ करना, यशोगान करना, स्तुति करना, गुण गाना ।

વખાણેલું (वि.) प्रशंसित, स्तुत्य ।

વખાર (सं.) कोठार, भंडार, गोदाम, कोठी, दुकान, जहां बेचनेका माल भरा हो ।

વખારદાર (सं.) कोठारी, भंडारी, गोदामका स्वामी, स्टोरकीपर ।

વખારિયો (सं.) पूर्ववत् ।

વખારી (सं.) पूर्ववत् ।

વખારેનાખવું (क्रि.) दूरकरना ।

વખુ (सं.) पक्ष, आश्रय, सहारा, (अ०) चाहनेवाला, पक्षी, गरज इच्छुक ।

વખુટું (वि.) साथसे अलग हुआ जो संगसे पृथक होगयाहो ।

વખેરવું (क्रि.) बिखेरना, फैलाना जुदाजुदा करना ।

વખેરાવું (क्रि.) फैलना, बिखरना ।

વખો (सं.) दुर्भिक्ष, पृथकता, जुदाई, दुःख, आपत्ति दुर्दिन ।

વખોડવું (क्रि.) दोष निकालना, भूलबताना, निंदा करना, धिक्कारना चुगली करना ।

વખોરો (सं.) बुखारी, पेटी, कन, घर, ढूवर, पानसुपारी इत्यादि रखनेकी छोटीसी संदूक ।

વગ (सं.) जगह, ठिकाना, परिचय, पहिचान, जानपहिचान, मेलमुलाकात, अनुकूल समय, मौका अवसर, पक्ष, तरफ, सत्ता, आश्रय ।

વગઘડતું (वि.) युक्तिपूर्वक रखाहुआ

વગલાગવું (क्रि.) सिफारिश होना काम बनना । [समय आना ।

વગઆવવો (क्रि.) अवसरआना,

વગડવું (क्रि.) बजना, शब्दहोना ।

વગડાઉ (वि.) जंगली वन्य ।

वगाडवावुं (क्रि.) बजाना, शब्द करना ; [कुश भैराम, बौराम ।

वगडो (सं.) जंगल वन, आरण्य,

वगदार (सं.) आश्रयदाता, सहायक, पक्षपाती, तरफदार ।

वगर (अ०) बिना, सिवाय, अतिरिक्त ।

वगरपाणीओनावचलाववुं (क्रि.) बिना साधनके काम करना, अद्भुत रीतिसे काम करना ।

वगरभाडानी कोटडी (सं.) जेलखाना, करावास, बन्दीगृह ।

वगवसीलो (सं.) जरिया, वसीला, बड़े मनुष्योंकी संरक्षा व सहायता ।

वगवाळु (सं.) प्रभावोत्पादक, असर करनेवाला ।

वगसग (सं.) समावेश होने योग्य स्थान, जरिया, वसीला, कारण ।

वगण (सं.) मेल, मिश्रण, वर्ण संकर, भ्रष्ट, पतित, कपट, छळ ।

वगाडवुं (क्रि.) बजाना, शब्द करना, ठोकना, पीटना, ध्वनित करना ।

वगिंर–नुं (वि.) परिचित, जानकार, पहिचानवाला (सं.) पक्षपात, तरफदारी, ।

वगीलां करवां (क्रि.) पक्षपात करना, तरफदारी करना ।

वगुती (वि.) फूहड़ (स्त्री), कुलटा, व्यभिचारिणी ।

वगुतवुं (क्रि.) घुसना, संलग्न होना, जुटना, लगना, प्रवेश करना ।

वगू–गे (सं.) तर्फ़, और ।

वगेरे (अ.) प्रभृति, आदि, इत्यादि, और, वगैरह ।

वगो (सं.) किसी एक ओरकी हद, नगर वा गांवके एक ओरकी सीम । [बुराई, फजीहत ।

वगोणुं (सं.) निन्दा, अपकीर्ति,

वगोववुं (क्रि.) निन्दा करना, फजीहत करना ।

वगोळवुं (क्रि.) विचारना, पागुर करना, जुगाली करना, जुगाल करना । [खलल ।

वघरणुं (सं.) विग्रह, विघ्न, हानि ।

वघरो (सं.) झगड़ा, अनबन, फिसाद, खराब होनेकी तय्यारी होना ।

वघार (सं.) बघार, छौंक, घी वा तेलमें जीरा हींग राई इत्यादि मसाला डालकर पकाकर उसमें किसी वस्तुको डालकर पकाना । मथनी, बघार, बघारा ।

વધાર મૂકવો (क्रि.) भपकी देना, उसकाना, उकसाना, बढ़ावा देना ।

વધારી ખાવું (क्रि.) शाक बनाना, तल्कर खाजाना ।

વધારણી (सं.) हींग, हिंगु, औषधि विशेष । [देना ।

વધારવું (क्रि.) छौंकना, बघार

વધારિયાં (वि.) बघारा हुआ ।

વંધેડું (वि.) लाल रंगके छिलका युक्त धान, चावल (छिलके सहित) ।

વંકાવું (क्रि.) बांके होना, टेढे होना, तिरछे होना, मन मुटाना ।

વંકાઈ (सं.) बांक, टेढापन ।

વચ (सं.) वाक्य, वचन ।

વચક-કો (सं.) भय, डर, खौफ़ ।

વચકણું-ચું (सं.) बांका आड़ा, तिरछा ।

વચકવું (क्रि.) गुस्सा होना, सरकना, खसकना, गिर पड़ना ।

વચકળવું (क्रि) छूटना नरम होना, कमहोना ।

વચકાવું (क्रि.) देखो વચકવું ।

વચકેલ (वि.) आड़ा, क्रुद्ध, कुपित, टेढा । [बेदिली होना ।

વચકો (सं.) तकरार, फिसाद,

વચમાંહે (अ.) बीचमें, मध्यमें, दरमियानमें ।

વચગાળો (सं.) मध्य, वहम, भ्रांति, शक, झगड़ा, फसाद, उपद्रव । [लेना ।

વચટવું (क्रि) झपट लेना, छीन-

વચન (सं.) उक्ति, कथन, वाक्य शब्द, वाणी बोल, प्रतिज्ञा, कौल, इक़रार, भाषण, कथित शब्द ।

વચનઆપવું (क्रि.) वचन देना, प्रतिज्ञा करना, क़रार करना ।

વચનકાઢવું (क्रि.) बोलना, खराब शब्दबोलना ।

વચનતોડવું (क्रि.) वचनभंग, करना प्रतिज्ञा पूर्ण न करना वादा खिळाफी करना ।

વચનલેવું (क्रि.) प्रतिज्ञा करना, प्रण करना, कौल करना ।

વચનઆપવું (क्रि.) वचन देना प्रणकरना । कौल करना प्रतिज्ञा करना ।

વચનિકા (सं.) प्रमाण, (ग्रंथसे) ।

વચની (वि.) अपने कहेको पूरा करनेवाला, वचन पाळनेवाला, सत्यवादी, विश्वस्त ।

વચમાં (अ.) बीचमें, मध्यमें ।

વચરભાવું (क्रि.) देखो वચળવું
વચલાવાંધાનું-વાધેનું (वि.) बीचके दर्जेका, मध्यम श्रेणीका, न अधिक उत्तमही और न खराबही।
વચલું (वि.) बीचका, मंझला, मध्यका। [बड़बड़।
વચવચ-ચાટ (सं.) बकबक,
વચળવું (क्रि.) भंगहोना, विघ्न आपड़ना, पागल होना, विचलितहोना।
વચળેલ (वि.) व्यभिचारी, लंपट विषयी, भ्रमित, पागल, सिरी, बिचलित। [केसरी।
વંઘારા (सं.) शेर, सिंह, शार्दूल
વંચાયએવું (वि.) पढाजाने योग्य, साफ जो पढासके, पाठ्य।
વચાળું (वि.) बांका, तेढा, तिरछा, बीचका, मध्यका। [मंझला।
વચેટ (वि.) बीचका, मध्यका,
વચ્ચે (अ०) बीचमें, मध्यमें, मध्यभागमें, दरमियानमें, किसी चालुकाममें, मैदानमें।
વચ્ચેપડવું (क्रि.) हस्तक्षेप करना बीचमें पड़ना। [ठीक मध्यमें।
વચ્ચોવચ્ચ (अ०) बीचोंबीच,
વચ્છ (सं.) बछड़ा, वत्स (गौका) केरड़ा, बच्छा, बाछा।
વચ્છનાગ-છનાગ (सं.) एक प्रकारकी विषैली औषधि।
વછિયાત (सं.) किसी स्थानसे कुछदिन रहनेके लिये आयाहुआ अकेला व्यक्ति, किसीकी तरफसे माल लेने या बेचनेको आयाहुआ मनुष्य, आढ़तिया।
વછુટવું (क्रि.) बिछुड़ना, वियोग होना, अलगहोना, छूटना।
વછુટું (वि.) भिन्न, निराळा, जुदा, बिछुड़ाहुआ, वियोगी, छूटाहुआ।
વછેરી (सं.) छोटीघोड़ी, घोड़ीकी बच्ची, छोटी लड़की।
વછેરો (सं.) छोटा घोड़ा, घोड़ेका बच्चा, बैल, जवान नादान पुरुष।
વછોઈ (सं.) विछोह, जुदाई, पृथकता, फूट, भेद, वियोग।
વછોડવું (क्रि.) अलग करना, पृथक करना, विछोह करना, छुड़ाना। [विछुड़ाहुआ।
વછોયું (वि.) वियोगी, भिन्न,
વજન (सं.) भार, बोझ, तौल, जोख, मान, गौरव, प्रभव, रौब, कदर।
વજનકરવું (क्रि.) तौलना, देखना, आंकना, जोखना।

વજનદાર (वि.) भारी, बोझवाला, प्रतिष्ठित, प्रभाव शाली । [बाजा ।

વજન્તર—વાજન્તર (सं.) बाद्य,

વજનસર (वि.) बोझके अनुसार, कुछ हलका, थोड़ा , मध्यम ।

વજર કંઠી (वि.) कुछ सफेद (गेंहूं) ।

વજરબટ્ટુ (सं.) एक वृक्ष तथा उसका फळ विशेष, यह बच्चोंको गलेमें पहिनाया जाता है ।

વજહના (सं.) अत्यंत चाहना, महान इच्छा ।

વજા (सं.) बुद्धि, विचार शक्ति, समझ शक्ति, रुख, इच्छा, लक्ष्य, झुकाव, ढ़लाव, अभिप्राय, प्रवृत्ति, तात्पर्य ।

વજાડવું (क्रि.) देखो વગાડવું ।

વજીફદાર (सं.) जागीरदार, नम्बरदार, पेन्शनर, जिसे सरकारकी ओरसे कुछ वृत्ति मिलती हो ।

વજીફો (सं.) जागीर, पेन्शन, अलाउंस, इनाममें सरकारकी ओरसे मिली हुई जमीन इत्यादि ।

વજીર (सं.) मंत्री, प्रधान, राजाको उचित सलाह देने वाला । शतरंजके खेलमें एक गोट विशेष ।

વજીરાત (सं.) मंत्रिपद ।

વજીરી (सं.) पूर्ववत् ।

વજુ (सं.) नमाज पढनेके पूर्व हाथ मुहं पैर इत्यादि धोनेकी क्रिया विशेष । [वजू ।

વજુદ (सं.) आदि, निकास, उद्गम,

વજે (सं.) चुकौता, भुगतान, माल गुजारी, रेवेन्यु ।

વજ્જર (वि.) कठोर, कठिन, कड़ा, सख्त, (सं) वज्र, कुलिश ।

વજ્જરમાથું (वि.) ऐसा मूर्ख जिसपर कुछभी प्रभाव न पड़े ।

વજ્ર (सं.) कुलिश, इन्द्रका आयुध विशेष, बिजली, । हीरा हरिक, रत्न विशेष ।

વજ્રનીછાતી (सं.) कठोर हृदय, पाषाण हृदय, दया और भयशुन्य हृदय । [मूष्क ।

વજ્રદંત (सं.) मजबूत दांत, चूहा,

વજ્રદેહ (सं.) बालिष्ठ और दृढ देह, बलवान और कठोर अंग ।

વજ્રઘાત (सं.) कड़क, (बिजलीकी) ।

વજ્રચર્મ (सं.) गेंडा, एक हाथीके समान छोटी सूंडवाला पशु ।

વજ્રછાતી (सं.) कठोर हृदय, पाषाण दिल (वि.) निर्दय, निर्भय, करोर ।

वज्रतुंड (सं.) गणेश, गणपति ।
वज्रपिंजर (सं.) कठोर पिंजरा ।
वज्रबाहु (सं.) वीर, बहादुर, शूर, मल्ल, पहलवान ।
वज्राग्नि (सं.) विद्युत्, बिजली ।
वंचक (सं.) ठग, छलिया, बांधनेकी शक्तिवाला, पढनेवाला ।
वंचवुं (क्रि.) बचना, अलग रहना, रक्षापाना । [बचाना ।
वंचाववुं (क्रि.) पढवाना, ब-
वंचावुं (क्रि.) पढाजाना, बांचजाना, सर्वत्र फजीहती होना ।
वंचाणो (सं.) खाली जगह, रिक्त स्थान ।
वंझा (सं.) बांझ औरत, संतान हीना स्त्री, वंध्या, बांझड़ी ।
वड (सं.) बरगद, बड़का वृक्ष, टेक, प्रण, आत्म सम्मान, धैर्य ।
वटक (सं.) एक वस्तु देकर दूसरी वस्तु लेनेके लिये कुछ विशेष दिया हुआ द्रव्यया पदार्थ, बट्टा, बदला, खोट, नुकसानी ।
वटक वाळवी (क्रि.) बदला करना, खोट फेर करना । बदल देना ।
वटकवुं (क्रि.) खसकना, सटक जाना, दूरजाना ।
वटकीजवुं (क्रि) बछड़ा मरजाना और दूध न निकालने देना, सूख जाना, (गाय भैंस इत्यादि दुधारू पशु) ।
वटलवुं-वावुं (क्रि.) पतित होना, भ्रष्ट होना, धर्मच्युत होना ।
वटलाववुं (क्रि.) पतित करना, भ्रष्ट करना, एक वर्ण या धर्मसे किसी दूसरे वर्ण या धर्ममें सम्मिलित करना ।
वटलेल (वि.) भ्रष्ट, पतित, च्युत ।
वटलोई (सं.) तांबेका पानीका पात्र विशेष, एक प्रकारके बर्तनका नाम ।
वटवुं (क्रि.) हो चुकना, निकल जाना, दूर चलेजाना, भागछूटना, पीछे हठना, आगेपीछे होकर सताना । [लिखाहुआ आज्ञापत्र ।
वटकुटुंब (सं.) सभी संबंधियोंको
वटाणा (सं.) मटर, अन्न विशेष ।
वटाणावाववा (क्रि.) भागछूटना, निकलभागना रफूचक्करहोना ।
वटाखुं (सं.) धूळ डालकर लिखनेकी पट्टीपर लिखनेकी कलम ।
वडाणो (सं.) अन्न विशेष ।

વટાવ (सं.) छूट, बट्टा किसी कारणसे निश्चित वस्तुमेंसे कुछ कम देना, खोटे रुपये या वस्तु आदिके लिये कुछ विशेष द्रव्य लेकर उसकी पूर्ति करना, लाभ, मुनाफा नफा ।

વટાવવું (क्रि.) तुड़ाना, भुनाना (रुपया प्रभृति सिक्का) फैलाना, छोड़ना, पीछे रखना, सरसहोना, बढना, बेचना, चूर्ण कराना, पिसवाना । [देना, छलना ।

વટાઈખાવું (क्रि.) ठगना, त्रास-

વટાવું (क्रि.) चूर्णहोना, पिसना, कुचलेजाना ।

વટાળ(सं.)भ्रष्टता, जिससे पतितहो ।

વટાળવું (क्रि.) पतित करना, अपने धर्म या वर्णमें मिलाना, भ्रष्टकरना ।

વટાળો (सं.) भ्रष्टता ।

વટીક (अ०) भी ।

વટી (वि.) प्रणवाला मनुष्य, अपनी टेक निवाहनेवाला, हटी, जिद्दी, धंधा करनेवाला ।

વટીજવું (क्रि.) निकलजाना, गुजरना ।

વટું (सं.) काम, धन्धा, कार्य ।

વટુકાર (सं.) बुद्धि, ढंग, हौसिला तमीज ।

વટેવું (सं.) देखो વટોવું ।

વટેમારગુ- ગું (वि.) बटोही पथिक पांथ, मुसाफिर, राहगीर, प्रवासी

વડ (सं.) बट, बरगद, वृक्ष विशेष, बर, महानता और वयोवृद्धता सूचक प्रत्यय विशेष ।

વડકણું (वि.) लड़ाका झगड़ालू, फसादी, टंटाखोर, बकवादी,

વડકારૂં (वि.) पूर्ववत् ।

વડકાવવું (क्रि.) चिढ़ाना, खिझाना झिड़काना, डांटना, मलामत करना, घुड़कना, धमकाना ।

વડખીરૂ (सं.) टोलीया झुंडकानेता (खेलमें) बड़ा भोंडू ।

વડવઈ-વાય (सं.) बरगद वृक्षकी जटा, बड़के पेटकी वे पत्रहीन डालियां, जो भूमिकी तरफ लटकती हैं :

વડવા (सं.) दादा, बापकाबाप बाबा पितामह, मामाके पिता, नाना, घोड़ी, अश्व स्त्री ।

વડવાગોળ (सं.) चमगिधड़, एक पक्षी, विशेष जो टांगोंके बल नीचे सिरकी डालियोंमें लटका करता है और सायंकालको सूर्यास्तके बाद उड़ा करता है बागल, चामचिड़ी चामचिड़, बड़ी चमगादर ।

વડવાગ્નિ (सं.) समुद्रस्थ अग्नि, प्रचंड आग, समुद्रकी आग ।

વડવાડ (सं.) झगड़ा, विवाद,फिसाद

વડવાડિયો (सं.) पक्षी विशेष ।

વડવાનલ (सं.) देखो વડવાગ્નિ ।

વડવું (क्रि.) बिड़ना, नाराज होना, लांछनआना, बट्टाआना ।

વડવો (सं.) दादा, बाबा, नाना, पितामह, माताका बाप, बापका बाप, मातामह ।

વડસસરો (सं.) सासूका पिता, नानी सुसरा, श्वशुरका पिता ।

વડસાવિત્રી (सं.) जेठसुदी पूर्णिमाके दिनका वह त्यौहार जिसे नव विवाहित वधू पूजा करते है ।

વડસાસુ (सं.) नानीसासू, सासूकी माता या श्वशुकी माता ।

વડહથ (वि.) मजबूत, दृढ, पुष्ट ।

વડાઈ (सं.) कीर्ति, बड़प्पन, ख्याति प्रशंसा, मान, इज्जत, आबरू, महत्व, प्रशंसा, उच्चता, विशालता अभिमान, गर्व, शेखी, घमण्ड, महत्ता ।

વડાઈકરવી (क्रि.) प्रशंसा करना, शेखीमारना, आत्मश्लाघाकरना ।

વડાગરું-મીઠું (सं.) एकप्रकारका नमक, क्षार विशेष ।

વડાવડ-ડી (सं.) लड़ालड़ी, आमने सामनेका युद्ध, जिदाजिदी ।

વડારણ (सं.) दासपुत्री, रानीकी टहलनी, दासी ।

વડાવા (सं.) कुलमें वयोवृद्ध, अतिवृद्ध पुरुष, वृद्धकुटुम्ब ।

વડિયાઈ (सं) नानी मातामही, माकीमा, बापकी मा, दादी ।

વડિયો (सं.) प्रतिस्पर्द्धी, प्रतिपक्षी, प्रतिद्वंदी, सामना करनेवाला

વડિલોપાર્જીત (वि.) पूर्वजोंका संगृहीत, बड़े लोगोंका कमायाहुवा ।

વડી (सं.) मंगोड़ी, मुंगोड़ी, दाल कोपीसकर और सुखाकर बनाई हुई डलियां । [बिगड़जाना ।

વડીપાપડવડીજવાં (क्रि.) काम

વડીનીતિ (सं.) टट्टी, पखाना शौच मलत्यागन, मलोत्सर्गन, जंगल, दिशा, (श्रावक धर्ममें)

વડીલ (वि.) पूज्य, मान्य, वयोवृद्ध, ज्येष्ठ, मुख्य, उन्नमें पदमें उच्च, (सं.) अग्रज, पूर्वज, पुरुष, बापदादा ।

વડીલપરંપરાગત (अ०) कुलरीति, वंशव्यवहार, बापदादोंकी रीति ।

વડીલોપાર્જીત (वि.) देखो વડિલોપાર્જીત

વડું (वि.) बड़ा, भारी, दीर्घ, विस्तृत, अग्रज, बहुत, अति, वयोवृद्ध, (सं.) उड़द या मूंगकी दालको भिगोकर पीसकर तेल या घृतमें तलकर बनाया हुआ पदार्थ, मंगोड़ा, भजिया, पकौड़ा फलौरी ।

વડું કરવું (क्रि.) रद्द करना, बुझाना (दपिक) दीवा करना ।

વડે (अ.) द्वारा, मारफतसे साधन ।

વડો (वि.) बड़ा, दीर्घ, मुख्य, प्रधान, उमरमें पदमें बड़ा, महान ।

